डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 58 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार, 05 फ़रवरी 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये



## महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान बसंत पंचमी पर 2.33 करोड़ ने डुबकी लगाई

- संगम से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़, 30 देशों से लोग पहुंचे
- अंतिम अमृत स्नान पर हेलिकॉप्टर से 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा

**प्रयागराज (एजेंसी)।** बसंत पंचमी पर महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान हुआ। हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख। शरीर पर भभूत। आंखों पर काला चश्मा। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंच रहे हैं। महाकुंभ का आज 22वां दिन था। 6 बजे तक 2.33 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.97 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं।



सबसे पहले पंचायती निरंजनी अखाड़े के संत संगम पहुंचे। फिर सबसे बड़े जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने अमृत स्नान किया। अब तक 13 में से 10 अखाड़े स्नान कर चुके हैं।


संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों श्रद्धालु संगम पर हैं। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगा रहे हैं। 30 से ज्यादा देशों के लोग भी अमृत स्नान देखने के लिए संगम पहुंचे हैं। हेलिकॉप्टर से संगम पर 20 क्विंटल फूल बरसाए गए।

संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला है। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किमी पैदल चलकर लोग संगम पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर को बंद कर दिया गया है। मेला क्षेत्र के सभी रास्ते वन-वे हैं। पुरी शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने त्रिवेणी जल से अमृत स्नान किया।

## शाह बोले- दिल्ली में बड़े-छोटे मियां की ठग जोड़ी

- केजरीवाल-सिसोदिया ने दिल्ली को लूटा, 10 साल तक कुछ नहीं किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को गृहमंत्री



अमित शाह ने जंगपुरा में रैली की। शाह ने रैली में आप चीफ अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर निशाना साधा। शाह ने कहा- ये बड़े मियां- छोटे मियां वाली ठग जोड़ी है। इन्होंने दिल्ली को लूटने का काम किया।

शाह ने कहा- आप ने दिल्ली में 10 साल में कोई काम नहीं किया। दिल्ली प्रदूषण और भ्रष्टाचार मुक्त नहीं हुई। केजरीवाल ने यमुना को साफ करने का वादा पूरा नहीं किया। आप ने दिल्ली में शराब की दुकान खोली। शिक्षा मंत्री शराब घोटाले में जेल गए।

## संसद के बजट सेशन में महाकुंभ भगदड़ पर विपक्ष का वॉकआउट

**मौतों का सही आंकड़ा बताने की मांग की, खड़गे बोले- भगदड़ में हजारों लोग मारे गए**

- भाजपा सांसद रविशंकर बोले- साजिश की बू आ रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में बजट सेशन के तीसरे दिन सोमवार को महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों को लेकर विपक्ष ने दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी दलों ने सरकार पर मौत का आंकड़ा छिपाने का आरोप लगाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मौतों की सही जानकारी देने की मांग की। वहीं भाजपा सांसद रविशंकर बोले- साजिश की बू आ रही है।



राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गए हजारों लोगों को मेरी श्रद्धांजलि। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें बयान (हजारों लोगों की मौत) वापस लेने को कहा।

जवाब में खड़गे ने कहा कि, यह मेरा अनुमान है। अगर आंकड़े सही नहीं हैं तो सरकार को बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है। मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा। लेकिन कितने लोग मारे गए, यह जानकारी तो दीजिए। अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा।

## अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी को ब्रेन हेमरेज

- आचार्य सत्येंद्र दास लखनऊ पीजीआई में भर्ती, हालत गंभीर; भक्तों ने की प्रार्थना

**लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य



सत्येंद्र दास की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें लखनऊ के संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है।

## बजट सत्र में राहुल ने पीएम मोदी की तारीफ की

- मेक इन इंडिया अच्छा आइडिया, लेकिन नतीजा आपके सामने है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाषण दिया। राहुल ने कहा- मैंने राष्ट्रपति का भाषण सुना। वे पिछले कई सालों से यही बातें दोहरा रही हैं। आज मैं बताऊंगा कि उनका संबोधन कैसा हो सकता था।



राहुल ने कहा- प्रधानमंत्री का 'मेक इन इंडिया' एक अच्छा आइडिया था, लेकिन नतीजा आपके सामने है। मैं पीएम को दोष नहीं दे रहा, यह कहना सही नहीं कि उन्होंने कोशिश नहीं की, लेकिन वे असफल रहे।

इसके बाद राहुल बोले- भले हम तेजी से बढ़े हैं, लेकिन बेरोजगारी एक समस्या है, जिससे निपटने में यूपीए सरकार और एनडीए सरकार दोनों ही कामयाब नहीं हो सकीं। राहुल ने लोकसभा में मोबाइल दिखाया। कहा कि इसे चीनी सामान से असेंबल किया जाता है। बनाया नहीं जाता।

## कश्मीर में आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक की हत्या की



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सोमवार को आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक के परिवार पर हमला किया। इसमें पूर्व सैनिक की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गई हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है। सुरक्षाबल उनकी तलाश में जुटे हैं।

## प्रभु रामलला पर छाया बसंती रंग, पीतांबरी में दिया दर्शन

**बसंत पंचमी पर अयोध्या में भक्तों का रेला**

**अयोध्या (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बसंत का रंग अलग ही अंदाज में दिखा। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से प्रभु रामलला का विशेष श्रृंगार किया गया। उत्सव के



अवसर पर प्रभु रामलला को पीले रंग के रेशमी वस्त्र धारण कराए गए। भक्तों ने रंग उत्सव की शुरुआत करते हुए प्रभु को रंग अर्पित किया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में रंग गया। पीतांबरी वस्त्र में प्रभु रामलला की शोभा देखते ही बन रही थी।

**पीएम छात्रों से बोले-**

## 'आप' अपनी सरकार की इमेज के लिए बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली में छात्रों के साथ परीक्षा पर चर्चा की। इस दौरान में आप ने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा-आप अपनी सरकार की इमेज सुधारने के लिए बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

उन्होंने कहा- मैंने सुना है कि दिल्ली में आप सरकार बच्चों को 9वीं कक्षा के बाद आगे नहीं जाने देते। केवल उन्हीं बच्चों को आगे जाने दिया जाता है, जिनकी पास होने की गारंटी होती है।

पीएम ने आप सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा- अगर उनका रिजल्ट खराब आता है, तो उनकी सरकार की इमेज खराब हो जाएगी। आप सरकार अपनी इमेज सुधारने के लिए ऐसा कर रही है। ऐसा करके छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## भारतीय-अमेरिकी सिंगर चंद्रिका टंडन ने ग्रैमी अवॉर्ड जीता

- बियॉन्से 50 साल में कंट्री ग्रैमी जीतने वाली पहली ब्लैक वूमेन बनीं



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** बियॉन्से 50 सालों में कंट्री म्यूजिक कैटेगरी में ग्रैमी जीतने वाली पहली ब्लैक वूमेन बन गई हैं। कल्चरल आइकॉन ने 'ओआईआई मोस्ट वांटेड' सॉन्ग पर माइली साइरस के साथ बेस्ट कंट्री डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस के लिए ग्रैमी अवॉर्ड जीता।

**11 नॉमिनेशन के साथ ग्रैमी अवार्ड्स में एंट्री-** बियॉन्से को 11 नॉमिनेशन के साथ 2025 ग्रैमी अवार्ड्स में एंट्री मिली है। जिसमें काउबॉय कार्टर के लिए एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट कंट्री एल्बम भी शामिल है। सिंगर के हिट सॉन्ग 'टेक्सास होल्ड एम' को भी कई कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था, जिसमें सॉन्ग ऑफ द ईयर, रिकॉर्ड ऑफ द ईयर और बेस्ट कंट्री सॉन्ग शामिल हैं।

## कोलकाता में मैनहोल साफ कर रहे 3 मजदूरों की मौत

**कोलकाता (एजेंसी)।** दक्षिण 24 परगना जिले के बंटाला इलाके में लेदर कॉम्प्लेक्स में रविवार को मैनहोल साफ करते समय नाले में गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। प्रारंभिक संदेह यह है कि मौत का कारण दम घुटना है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आपदा प्रबंधन बल और दमकल विभाग के कर्मचारियों की मदद से तीनों मजदूरों के शवों को मैनहोल से बाहर निकाला गया।

## महाकुंभ जा रहे छत्तीसगढ़ के हेड-कॉन्स्टेबल, मां-बेटे समेत 6 की मौत



**बलरामपुर (एजेंसी)।** महाकुंभ जा रहे छत्तीसगढ़ के हेड-कॉन्स्टेबल रवि मिश्रा, मां उषा मिश्रा और बेटे अथर्व मिश्रा, ड्राइवर समेत 6 लोगों की यूपी में मौत हो गई। सोनभद्र में तेज रफ्तार क्रेटा कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में पत्नी प्रियंका मिश्रा, बेटा दिव्यांशु और मेड दुर्गा देवी घायल हैं। जिनका वाराणसी में इलाज चल रहा है। कार सवार संगम स्नान के लिए महाकुंभ जा रहे थे। गाड़ी उनका ड्राइवर सने कादरी उर्फ सनाउल्ला खलीफा चला रहा था।

## सीएम फडणवीस की बैठक में फिर नहीं पहुंचे शिंदे, दूसरी बार अहम मीटिंग से रहे नदारद

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की एनडीए सरकार में मानो सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के अहम बैठकों से गैर-हाजिर रहने पर तो कम से कम ऐसा ही माना जा रहा है। पहले तो वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा बुलाई गई कैबिनेट मीटिंग से दूर रहे, और अब एक अन्य अहम बैठक में उन्होंने शिरकत नहीं की। सीएम फडणवीस ने कुछ अहम प्रोजेक्ट्स पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई थी जिसमें अजित पवार तो पहुंचे, लेकिन एकनाथ शिंदे नदारद रहे।

## महाकुंभ भगदड़ पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**कहा- घटना दुर्भाग्यपूर्ण, हाईकोर्ट जाएं**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गाइडलाइन्स जारी करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया।



**मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने फोरेंसिक रिपोर्ट मांगी-** मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैब से सीलबंद लिफाफे में 6 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, कुछ ऑडियो क्लिप सामने आए हैं, जिसमें मणिपुर के सीएम पर हिंसा करवाने का आरोप है। कुकी ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट ने इन ऑडियो क्लिप की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की है।

फेक वीडियो मामला

## आराध्या बच्चन ने दाखिल की याचिका, कोर्ट ने गूगल को भेजा नोटिस

**मुंबई (एजेंसी)।** ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में आराध्या ने दरखवास्त की कि उनकी हेल्थ को लेकर अलग-अलग वेबसाइट पर चल रही फेक और भ्रमित करने वाली जानकारी हटा दी जाएं। अब इस पर कोर्ट की तरफ से नोटिस जारी किया गया है।

**कोर्ट ने भेजा नोटिस-** आराध्या ने अपनी याचिका में मामले पर संक्षिप्त फैसले की मांग की है। इसके जवाब में कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई, जिसके बाद गूगल समेत अन्य वेबसाइट को नोटिस भेजा गया।

**नीतीश सरकार का बड़ा फैसला**

## बिहार में नए सिरे से तैयार होगा जमीन का रिकॉर्ड, भूमि सर्वे के बीच

**पटना (एजेंसी)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने नए सिरे से जमीन का अधिकार अभिलेख तैयार करने का कार्य शुरू किया है। इस प्रक्रिया में भूमि स्वामित्व, खाता एवं खसरा नंबर, विशेष सर्वे नक्शा और ऑनलाइन जमाबंदी पंजी की जानकारी ली जा रही है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को भूमि सर्वेक्षण की जानकारी सरल भाषा में दी जा रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग प्रदेश में जमीन से जुड़े रिकॉर्ड को अपडेट करने के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण कर रहा है। इसमें रैयत का नाम, खाता, खेसरा और रकवा जैसी महत्वपूर्ण जानकारी को शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, हवाई एजेंसी द्वारा विशेष सर्वेक्षण नक्शा तैयार किया जा रहा है, जिसमें खेसरा नंबर और अन्य आवश्यक विवरण दर्ज होंगे। ऑनलाइन पंजी-2 के माध्यम से जमाबंदी संख्या और जमाबंदीदार के नाम भी इस प्रक्रिया का हिस्सा होंगे।



## दिल्ली चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन राजनीतिक दलों ने रैलियां, सभा की

**केजरीवाल- आतिशी ने कालकाजी में रोड शो किया**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार दोपहर वीडियो मैसेज जारी किया। मैसेज में केजरीवाल ने कहा- मुझे सूत्रों से पता चला है कि वे भाजपा ईवीएम के जरिए 10 प्रतिशत वोटों में गड़बड़ी कर सकती है। हमें हर जगह 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दें। अगर हमें 15 प्रतिशत की बढ़त मिलती है, तो हम 5 प्रतिशत से जीतेंगे।

केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा- ईवीएम से निपटने का यही एक तरीका है कि आप ज्यादा से ज्यादा वोट करें। हमने एहतियात के तौर पर एक वेबसाइट बनाई है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अंतिम समय प्रचार और आम सभाओं कर किया। सोमवार को चुनाव का अंतिम समय था। आप, कांग्रेस और भाजपा ने पूरा जोर लगा दिया।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रंप ने पूरा किया चुनावी वादा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना चुनावी वादा पूरा करते हुए आखिरकार चीन, मेक्सिको और कनाडा से आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया। चीन से होने वाले सभी आयात पर दस फीसद और मेक्सिको तथा कनाडा से आयात पर पच्चीस फीसद शुल्क लगाया गया है। इन तीनों देशों के साथ अमेरिका की बड़ी व्यापारिक साझेदारी है। अमेरिका के ताजा फैसले पर चीन, मेक्सिको और कनाडा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कनाडा ने तो घोषणा कर दी है कि वह भी अमेरिका से आयात होने वाली वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाया जाएगा।

चीन ने इस फैसले को विश्व व्यापार संगठन के समक्ष शिकायत करने को कहा है। उसका कहना है कि यह विश्व व्यापार संगठन के नियमों के विरुद्ध है। अगर अमेरिका अपने शुल्क संबंधी फैसले पर दुबारा विचार नहीं करता है, तो वह भी उसके यहां से होने वाले आयात पर ऐसा ही कदम उठाएगा। इस तरह व्यापार युद्ध का खतरा बढ़ गया है। इसमें अमेरिकी व्यापार को अधिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक इससे अमेरिका को दो लाख करोड़ डालर से अधिक का व्यापार घाटा उठाना पड़ सकता है। मगर अमेरिका इसे अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम बता रहा है।

ट्रंप को अपनी अर्थव्यवस्था की चिंता है

दरअसल, अमेरिकी में अवैध प्रवासन और दवाओं के अवैध निर्माण की वजह से वहां के लोगों के सामने जीवन का खतरा पैदा हो गया है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने उसी को रोकने के मकसद से यह कड़ा कदम उठाया है। कई देश अपने उत्पाद और घरेलू बाजार को मजबूत बनाने के मकसद से आयात पर नकेल कसने का प्रयास करते हैं। अमेरिका की चिंता भी जाहिर है। ट्रंप अपने यहां उत्पादन और निर्यात को बढ़ाना चाहते हैं। इस तरह उनका इरादा गलत नहीं कहा जा सकता।

अमेरिका को भारी महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी

भारी शुल्क लगाने से केवल संबंधित देशों से आयात पर प्रभाव नहीं पड़ेगा, खुद अमेरिका को भारी महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी। फिर, ऐसा तो हो नहीं सकता कि अमेरिका एकतरफा शुल्क लगाने का निर्णय कर ले और दूसरे देश उसकी वस्तुओं को शुल्क मुक्त रखें। अमेरिका को भी उन देशों में अपनी वस्तुएं बेचना आसान नहीं रह जाएगा।

# धरती के करीब से गुजरी 100 मीटर चौड़ी चट्टान, 61 हजार किमी/घंटे की रफ्तार से फिर लौटेगी



27 दिसंबर 2024 को टेलिस्कोप की मदद से स्पेस में एक एस्टेरॉयड देखा गया। तब ये पृथ्वी से दूर जा रहा था। जब इस पर और स्टडी की गई तो पता चला कि एक फुटबॉल फील्ड जितनी बड़ी ये चट्टान दो दिन पहले ही पृथ्वी के बहुत करीब से गुजरी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये एस्टेरॉयड दोबारा वापस आएगा और 22 दिसंबर 2032 को इसके पृथ्वी से टकराने की संभावना है।

दक्षिण अमेरिकी देश चिली में अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का एक सेंटर है। इसे 'द एस्टेरॉयड टेरेस्ट्रियल-इम्पैक्ट लास्ट अलर्ट सिस्टम' यानी ATLAS कहते हैं। 27 दिसंबर 2024 को एस्ट्रोनॉमर्स यानी खगोलविदों ने एटलस के टेलिस्कोप की मदद से पहली बार इस क्षुद्रग्रह को देखा। इसे नाम दिया गया- 2024 YR4।

31 दिसंबर 2024 को इसे नासा की सेंट्री रिस्क टेबल में शामिल कर लिया गया था। इस लिस्ट में पृथ्वी के पास के ऐसे एस्टेरॉयड को रखा जाता है, जिनसे आने वाले समय में पृथ्वी को किसी भी तरह का खतरा होने की आशंका होती है। आगे की स्टडी से पता चला है कि यह 22 दिसंबर 2032 को हमारे ग्रह यानी पृथ्वी से टकरा सकता है।

2024 YR4 एक जगह स्थिर नहीं है, बल्कि लगातार घूम रहा है। जनवरी से ही एस्ट्रोनॉमर्स दुनिया भर के कई टेलिस्कोप से इस पर नजर बनाए हुए हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, 25 दिसंबर को यह पृथ्वी से महज 8 लाख किलोमीटर दूर था। इस दूरी को ऐसे समझिए कि पृथ्वी से चंद्रमा इसकी करीब आधी दूरी पर है। 27 दिसंबर को एटलस की दूरबीन पर पहली बार नजर आने के बाद से यह एस्टेरॉयड पृथ्वी से दूर जा रहा है।

हालांकि बीते एक महीने में हुई स्टडी से इसके सूरज के चारों तरफ चक्कर लगाने के बारे में पता चला है, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि इसकी ऑर्बिट क्या है, मतलब ये किस रास्ते पर चक्कर लगा रहा है।

इसके रास्ते के बारे में अनिश्चितता करीब 1 लाख किलोमीटर है। इस अनिश्चितता का मतलब यह है कि मौजूदा तकनीकों का इस्तेमाल करके वैज्ञानिक अभी सिर्फ यही कह सकते हैं कि यह एस्टेरॉयड पृथ्वी के चारों तरफ 1 लाख किलोमीटर के इलाके से गुजर सकता है। वहीं पृथ्वी का व्यास 12,756 किलोमीटर है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह 22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी के बहुत करीब से गुजरेगा। उनका कैलकुलेशन कहता है कि इसकी पृथ्वी से भीषण टक्कर की संभावना अभी 77 में से 1 है। यानी 100 में से करीब 1.3%। नासा के मुताबिक, अगर 2032 में यह पृथ्वी से टकराएगा, तो उस समय इसकी स्पीड करीब 61,155 किलोमीटर प्रति घंटा होगी।

दिसंबर 2028 में यह एस्टेरॉयड पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरेगा। तब इसकी पृथ्वी से दूरी करीब 80 लाख किलोमीटर होगी। तब वैज्ञानिकों को इसके साइज और ऑर्बिट के बारे में कुछ और सटीक जानकारियां मिल सकती हैं। तभी यह भी पता लग सकेगा कि 2032 में इसकी पृथ्वी से कोई टक्कर होगी भी या नहीं। साथ ही अगर टक्कर होगी तो यह पृथ्वी के आबादी वाले हिस्से से टकराएगा या कहीं निर्जन इलाके में गिरेगा।

अब तक सामने आए डेटा के आधार पर 2024 YR4 को 'टोरिनो इम्पैक्ट हजार्ड स्केल' पर लेवल 3 रेटिंग दी गई है। इस स्केल पर पृथ्वी के लिए खतरनाक उल्का पिंडों और एस्टेरॉयड को 0 से लेकर 10 तक रेटिंग दी जाती है। आगे की स्टडी के लिए अमेरिका का इंटरनेशनल एस्टेरॉयड वार्निंग नेटवर्क (IAWN) और स्पेस मिशन प्लानिंग एडवाइजरी ग्रुप (SM-PAG) को एक्टिव किया गया है।

यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ESA) के मुताबिक, अप्रैल में जब ये दूरबीनों की नजर से भी पूरी तरह ओझल होगा, तब इसे नए डेटा के आधार पर टोरिनो इम्पैक्ट हजार्ड स्केल में जीरो रेटिंग दी जा सकती है। मतलब तब यह कुछ समय के लिए पूरी तरह पृथ्वी के लिए खतरे की रेंज से बाहर चला जाएगा।

टक्कर से कितनी तबाही होगी, यह एस्टेरॉयड के साइज पर निर्भर करता है। पृथ्वी पर मौजूद टेलिस्कोप किसी भी एस्टेरॉयड से आने वाली रोशनी को मापकर उसके साइज का पता लगाती है। अगर रोशनी ज्यादा है, तो इसका मतलब है कि एस्टेरॉयड बड़ा है। हालांकि इसमें दो और चीजें देखनी होती हैं-

क्या एस्टेरॉयड ऐसी चीजों से बना है जो सूरज की रोशनी को परावर्तित करती हैं- जैसे कोई चमकदार मेटल। एस्टेरॉयड पृथ्वी से कितनी दूर है। मौजूद डेटा के आधार पर वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका साइज 40 मीटर से 100 मीटर के बीच है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि 2024 YR4 किस चीज का बना है। संभावना है कि यह चट्टानों का बना है। अगर ऐसा है तो पृथ्वी से टकराने पर ये पहले हवा में एक तेज विस्फोट करेगा। इससे पृथ्वी पर एक तेज शॉक-वेव डेवलप होगी। इससे एक शहर के आकार जितना इलाका नष्ट हो सकता है।

अगर यह किसी ठोस मेटल का बना हुआ है तो अपनी मजबूती के चलते यह पृथ्वी के वायुमंडल को बिना जले पार कर जाएगा और जमीन पर टकराएगा। इससे जमीन पर 1 किलोमीटर चौड़ा और 200 मीटर तक गहरा गड्ढा हो सकता है। ये घटना एरिजोना में उल्कापिंड गिरने की तरह ही होगी। हालांकि इससे बड़ी तबाही नहीं होगी। पृथ्वी पर 3 अरब सालों से ज्यादा समय से जीवन मौजूद है। एस्ट्रोफिजिक्स के जानकार प्रोफेसर जोंटी हॉर्नर एक आर्टिकल में लिखते हैं, इन 3 अरब सालों में कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि जीवों को स्पेस से आने वाले किसी खतरे के बारे में पहले से पता चल गया हो। हालांकि बीते कुछ सालों में वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर टकराने से पहले ही 11 एस्टेरॉयड खोजे हैं।'

इसके अलावा 2022 में नासा ने एक सफल टेस्ट किया है, जिसके जरिए पृथ्वी पर टकराने से पहले ही स्पेस में किसी एस्टेरॉयड का रास्ता बदला जा सकता है। इसे नासा का DART मिशन यानी 'डबल एस्टेरॉयड रिडायरेक्शन टेस्ट' कहा जाता है।

इसके तहत 24 नवंबर 2022 को नासा ने स्पेसएक्स का फाल्कन 9 रॉकेट लॉन्च किया था। ये रॉकेट एक 570 किलोग्राम के बॉक्स के आकार के स्पेसक्राफ्ट को स्पेस में लेकर गया था। नासा ने इस स्पेसक्राफ्ट की टक्कर 160 मीटर व्यास वाले 'डिमोर्फोस' नाम के एक एस्टेरॉयड से करवाई। सौर मंडल के बाकी ग्रहों की ही तरह पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है। हालांकि सौर मंडल में सिर्फ गृह नहीं हैं। आपने रात को आसमान में कभी न कभी उल्कापिंडों की तेज रोशनी जरूर देखी होगी। ये हमारे सौर मंडल के छोटे-छोटे उल्कापिंडों या धूमकेतु की रोशनी होती है। ये उल्का पिंड हमेशा से मौजूद हैं और ये एस्टेरॉयड का ही छोटा हिस्सा होते हैं। हालांकि ये इतने छोटे होते हैं कि इनकी टक्कर हो जाए तो भी पृथ्वी पर कोई खतरा पैदा नहीं होता, ये पृथ्वी के वायुमंडल में आने पर जल जाते हैं।

वहीं कई बार स्पेस में दूर से आ रहे कुछ एस्टेरॉयड भी हमारे सौर मंडल से गुजरते हैं। ये अलग-अलग साइज के होते हैं। कई तरह के मटेरियल से बने होने के चलते इन पर सूरज का गुरुत्वाकर्षण भी अलग-अलग होता है। गुरुत्वाकर्षण के चलते कई बार ये एक ऑर्बिट में सूरज का चक्कर लगाने लगते हैं।

विस चुनाव

विवेक शुक्ला



## दिल्ली आज चुनेगी अपनी सरकार

आज पांच फरवरी को देश की राजधानी दिल्ली अपनी नई सरकार चुनेगी। आम आदमी पार्टी (आप) ने सत्ता पर बने रहने के लिए अपने एकछत्र नेता अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में कसकर चुनाव प्रचार किया। उधर,भाजपा ने भी कोशिश तो पूरी की है कि दिल्ली में 1996 के बाद फिर से कमल का फूल खिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा कई अन्य नेता जनता से वोट मांगते रहे। पिछले दो चुनावों में सिफर रहने के बाद कांग्रेस इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। कांग्रेस को लगता है कि उसने कभी 15 साल तक दिल्ली पर शासन किया था और वह फिर से सरकार बनाने की ताकत रखती है। याद नहीं आता कि इस बार के चुनाव से पहले कभी पार्टियों ने जनता के सामने वादों की इतनी बौछार कर दी हो। सिर्फ आसमान से चांद-तारे लाने के अलावा इन्होंने सब वादे किए जनता से। आप ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने, औरतों को डीटीसी में मुफ्त सफर की सुविधा देते रहने के अलावा भी तमाम वादे किए। हालांकि, उसे इस बार भ्रष्टाचार के कथित आरोपों से जूझना पड़ा। उसकी साफ-सुथरी इमेज पर ग्रहण लग चुका है शराब घोटाले के कारण। अरविंद केजरीवाल ने अपने भाषणों में चुनाव को 'दिल्ली के लिए काम करने वालों और इसे नष्ट करने की कोशिश करने वालों' के बीच की लड़ाई के रूप में पेश किया। आप ने अपने पारंपरिक वोट बैंक झुग्गियों और अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वालो खूब ध्यान केंद्रित किया। डोर-टू-डोर अभियानों और अपने विशाल स्वयंसेवी नेटवर्क के माध्यम से, आप ने सरकारी स्कूलों के परिवर्तन, मोहल्ला क्लीनिकों की सफलता और अपनी कल्याण योजनाओं की निरंतरता पर जोर दिया। उधर, भाजपा के लिए, यह चुनाव सिर्फ सीटें जीतने से कहीं अधिक है। पार्टी ने सघन चुनाव अभियान चलाया। आप के शासन में भ्रष्टाचार, घोटालों और दिल्ली और पंजाब में कथित अधूरे वादों को आक्रामक रूप से पेश किया। भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कम से कम एक दर्जन केन्द्रीय मंत्री चुनाव प्रचार करते रहे। धामी ने पटपड़गंज, नई दिल्ली, करोल बाग, पटेल नगर, संगम विहार में सभाएं और रोड शो किए। इन सब सीटों में मूल रूप से देवभूमि के हजारों मतदाता रहते हैं। ये कमोबेश भाजपा के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने राजधानी भर में कई रैलियों को संबोधित किया। उनके भाषणों में केजरीवाल के शासन के दौरान हुए कथित घोटालों, वित्तीय कुप्रबंधन और रुकी हुई विकास परियोजनाओं पर फोकस था। भाजपा ने इस बार कई दिग्गज उम्मीदवारों को मैदान में उतारा - जिनमें पूर्व सांसद और प्रतिद्वंद्वी दलों से आए हाई-प्रोफाइल नेता हैं। इनमें पार्टी के पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा और आप सरकार में परिवहन मंत्री कैलाश गौतम शामिल हैं। पार्टी ने अपने बूथ-स्तरीय जुटाव को भी मजबूत किया और केजरीवाल और उनके प्रशासन पर अपने हमलों को बढ़ाने के लिए व्यापक रोड शो आयोजित किए और एक मजबूत सोशल मीडिया अभियान चलाया। आप और भाजपा की हाई-वोल्टेज रैलियों से दूर, कांग्रेस ने एक अलग रास्ता बनाया। कांग्रेस के नेता महंगाई, प्रदूषण, बेरोजगारी और नागरिक कुप्रबंधन के बारे में बात करते रहे। दिल्ली में एक दशक से अधिक समय तक राजनीतिक बनवास झेल रही कांग्रेस के लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने कई रैलियां की। कांग्रेस ने चुनाव से महीनों पहले दिल्ली न्याय यात्रा और मतदाताओं के साथ फिर से जुड़ने का अभियान चलाया हुआ था। कांग्रेस का मुख्य संदेश रहा है - आप और भाजपा दोनों ने दिल्ली के साथ इंसाफ नहीं किया; वही दिल्ली में विकल्प है। पर कांग्रेस सारी दिल्ली में नजर नहीं आई। कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा दो दर्जन सीटों में मजबूती से चुनाव लड़ी। इनमें नई दिल्ली, मुस्तफाबाद, चांदनी चौक, ओखला, कस्तूरबा नगर,जंगपुरा,मादीपुर सीटें शामिल हैं। विश्वास नगर, शाहदरा, कृष्णा नगर वगैरह में कांग्रेस के पोस्टर तक नजर नहीं आए।

भाजपा को यकीन है कि बनिया, पंजाबी और मिडिल क्लास वोटर के अलावा उसे उन मतदाताओं के भी वोट मिलेंगे जो मोदी जी को अपना नेता मानते हैं। भाजपा ने इस बार झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों और अनधिकृत बस्तियों पर भी काफी फोकस किया है। बजट में मिडिल क्लास को टैक्स में भारी छूट के बाद उनका वोट इस बार भाजपा को मिलने की संभावना जताई जा रही है। कोई माने या ना माने, पर दिल्ली पर राज करने के लिए असली लड़ाई तो आप और भाजपा में ही है। कांग्रेस अपने को फिर से दिल्ली में प्रासंगिक बनाने के लिए ही चुनाव लड़ी है। अभी के संकेतों से लग रहा है कि आप बाकी से कुछ आगे अवश्य है। पर हमने हाल के दौर में महाराष्ट्र और हरियाणा में चौकाने वाले नतीजे आते देखे हैं। अंतिम फैसला तो आठ फरवरी को ही होना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## छोटे-छोटे संकल्प बढ़ाते हैं आत्मविश्वास




संकलित

दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित

प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### प्रयागराज में भीड़ से निपटने पुलिस अलर्ट मोड पर

भगदड़ के बाद प्रयागराज में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। भीड़ से निपटने और किसी अप्रिय घटना से बचने के सारे प्रयास किए जा रहे हैं। प्रयागराज में अब तक 34 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान किया है। रेलवे प्रशासन के कुशल नेतृत्व के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद प्रेषित किया। महाकुंभ में वाहनों की आगामी दिनों नो एंट्री का बोर्ड लगा दिया है। पुलिस सचेत नजर आ रही है। पुलिस सुरक्षा पर विशेष निगरानी रख रही है। हर तरफ सैलाब से मेला प्रशासन अलर्ट पर है। अब कोई अप्रिय घटना न हो, उसके लिए 24 घंटे निगरानी में पुलिस महकमा लग गया है। नो एंट्री में व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए कोई प्रवेश नहीं कर सकता है। उस पर सख्ती बरती जा रही है।

*-कांति लाल मांडोत, सूरत*


## पुण्यतिथि

### 8वीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



देवलोकगमन दिवस
स्व. श्री मृगेंद् सिंह भदौरिया (06-02-2018) की 8वीं पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत : डॉ. आरती भदौरिया, यशवर्धन सिंह भदौरिया
वसुंधरा सिह भदौरिया, याशवी भदौरिया
सवाई माधोपुर, राजस्थान


## ट्रेंड

### आप-दा नेताओं के घोटाले



दिल्ली की बसों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन लगना था लेकिन आप-दा सरकार ने नहीं लगाया। केजरीवाल के नेतृत्व में आप-दा नेताओं ने 4,500 करोड़ रुपये का घोटाला बस खरीदी में किया। सीसीटीवी कैमरा के नाम पर 571 करोड़ का घोटाला किया।

-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### नई दृष्टि की जरूरत



देश को विकास, उत्पादन और भागीदारी के लिए नई दृष्टि की आवश्यकता है - एक जो सीधे तौर पर हमारी दो सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करती है, नौकरी संकट और 90% भारतीयों के लिए अवसर की कमी।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### डीएनए और आरएनए



शोधकर्ताओं ने पाया कि डीएनए और आरएनए एपिजेनेटिक्स अधिक परस्पर जुड़े हो सकते हैं। एक मौलिक सफलता में, यह खोज 'एपिजेनेटिक दवाओं' पर आधारित उपचारों के विकास के माध्यम से कैंसर के उपचार को आगे बढ़ा सकती है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी


### एआई से आएगी बेहतरी



एआई केवल उन लोगों के लिए डरावना है जो परिवर्तन से डरते हैं। एआई अस्तित्वगत और सामाजिक परिवर्तन है। वे एआई में संभावित अराजकता देखते हैं। एआई संभावित रूप से उनके जीवन को बेहतरी में बदल देगा। -शेखर कपूर, फिल्मकार

रॉयल पत्रिका

# विक्की कौशल पहुंचे जयपुर, ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ भव्य स्वागत



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल अपनी अपकमिंग फिल्म छावा के प्रमोशन के लिए मंगलवार को जयपुर पहुंचे। राजमंदिर सिनेमा हॉल में उनका भव्य स्वागत किया गया, जहां ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच विक्की ने भी उत्साह में नाचकर प्रशंसकों का अभिवादन किया।

**जयपुर से ही शुरू होता है प्रमोशन –** विक्की कौशल प्रमोशनल इवेंट में विक्की कौशल ने कहा, "खम्मा घणी जयपुर! जब भी मेरी कोई फिल्म आती है, तो मैं प्रमोशन की शुरुआत जयपुर से ही करता हूँ। यहां की धरती, लोगों का प्यार और आशीर्वाद मुझे हमेशा मिलते रहे हैं। जयपुर आया हूँ, तो फिल्म हिट जरूर होगी।" उन्होंने बताया कि पहले भी "ज़रा हटके ज़रा बचके" और "सैम बहादुर" के प्रमोशन के दौरान जयपुर आए थे और दोनों फिल्में सुपरहिट हुई थीं। इस बार वे "छावा" को सुपरहिट से भी आगे ले जाने की उम्मीद कर रहे हैं। छत्रपति संभाजी महाराज के जयकारे गूंजे फिल्म छावा मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। विक्की ने बताया कि फिल्म 14 फरवरी को रिलीज़ हो रही है और यह देश के एक महान योद्धा की गाथा को जीवंत करेगी। उन्होंने कहा, "संभाजी महाराज न केवल एक बहादुर राजा थे, बल्कि उनकी रणनीतियां और युद्धकौशल भी अद्वितीय थे।" इवेंट के दौरान जयपुर में मौजूद फैंस ने छत्रपति संभाजी महाराज के जयकारे भी लगाए। विक्की ने कहा, "आप सबसे पहले इस फिल्म का एक्सक्लूसिव सीन देखने वाले हैं, जो दुनिया में कहीं नहीं दिखाया गया है।"

**फिल्म के लिए 25 किलो वजन बढ़ाया:-**
विक्की ने बताया कि इस किरदार के लिए उन्होंने 25 किलो वजन बढ़ाया और घुड़सवारी सीखी। उन्होंने कहा, "जब मुझे यह रोल ऑफर हुआ, तो मैं डर गया था कि मैं इसे कर भी पाऊंगा या नहीं। डायरेक्टर ने कहा कि इसमें शेर की तरह दिखना है। मैंने इस चुनौती को स्वीकार किया और 7 महीने तक मेहनत की। 14 महीने की ट्रेनिंग के बाद मैं इस किरदार के लिए तैयार हुआ।"

**विवादों में घिरी फिल्म:-**
फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ होने के बाद यह विवादों में आ गई थी। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे ने ट्रेलर में छत्रपति संभाजी महाराज के डांस करने पर आपत्ति जताई थी। वहीं, महाराष्ट्र सरकार के मंत्री उदय सामंत ने चेतावनी दी थी कि अगर फिल्म में कोई ऐतिहासिक गलती हुई तो इसे रिलीज़ नहीं होने देंगे। हालांकि, निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात कर यह भरोसा दिया कि विवादित सीन हटा दिए जाएंगे। इसके बाद फिल्म की रिलीज़ को लेकर रास्ता साफ हो गया।

**14 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी रिलीज़:-**
फिल्म छावा अब 14 फरवरी को पूरे देश में रिलीज़ होगी। विक्की कौशल ने जयपुर के दर्शकों से वादा किया कि यह फिल्म इतिहास को जीवंत कर देगी और दर्शकों के दिलों में छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता की गाथा को अमर कर देगी।

# जयपुर में 7 से 9 फरवरी तक आयोजित होगा DERMACON 2025

**-त्वचा रोगों के नए शोध और उपचार पर होगी चर्चा**




जयपुर(रॉयल पत्रिका)। गुलाबी नगरी में 6 से 9 फरवरी तक दुनिया भर के प्रतिष्ठित त्वचा रोग विशेषज्ञों का जमावड़ा लगने जा रहा है। राजस्थान के गवर्नर कार्यक्रम का इनॉग्रेशन करेंगे। इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट्स, वेनेरियोलॉजिस्ट्स और लेप्रोलॉजिस्ट्स (IADVL) 53वें राष्ट्रीय सम्मेलन DERMACON 2025 का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन 7 से 9 फरवरी 2025 तक जयपुर के जयपुर एग्ज़ीबिशन कन्वेंशन सेंटर (JECC), सीतापुरा में होगा। आयोजन के तहत ही 6 फरवरी को विभिन्न कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। इस दौरान 600 से अधिक भारतीय विशेषज्ञ और 21 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। आयोजन के अध्यक्ष, डॉ. यू. एस. अग्रवाल ने कहा कि, "यह सम्मेलन ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान का बेहतरीन मंच होगा। हमारा लक्ष्य त्वचा रोग विज्ञान के क्षेत्र में नई खोजों और विचारों को बढ़ावा देना है। हम सभी अतिथियों का जयपुर में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।" आयोजन के सचिव डॉ. दीपक के. माथुर ने कहा कि "DERMACON 2025 नवाचार, सहयोग और ज्ञानवर्धन पर केंद्रित है। विशेषज्ञों की मौजूदगी इसे एक शानदार मंच बनाएगी, जहां चिकित्सक अपने अनुभव साझा कर सकेंगे और नई जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे।"

**प्रतिभागियों के लिए संदेश:-**
कोषाध्यक्ष डॉ. विजय पालीवाल ने सभी अतिथियों और प्रतिनिधियों को जयपुर में स्वागत करते हुए इस सम्मेलन को ज्ञान और संस्कृति का अनूठा संगम बताया। DERMACON 2025 भारत और दुनिया के विशेषज्ञों को त्वचा रोग, यौन संचारित रोग और कुष्ठ रोग पर चर्चा करने के लिए एक मंच देगा, जिससे इस क्षेत्र में नई चिकित्सा तकनीकों और शोध को बढ़ावा मिलेगा।

**सम्मेलन की मुख्य बातें:-**
त्वचा रोगों से जुड़ी नई तकनीकों पर चर्चा।
80 सत्रों में त्वचा रोगों के नए शोध और उपचार पर चर्चा होगी।
600 से अधिक भारतीय विशेषज्ञ और 21 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।
5500 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

**अन्य गतिविधियां:-**
प्रतिभागियों को वैज्ञानिक चर्चाओं के साथ-साथ सामाजिक और नेटवर्किंग कार्यक्रमों में भी भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें नए संपर्क बनाने और विचारों का आदान-प्रदान करने का मौका मिलेगा।

# पानी राशनिंग प्रावधानों पर फिर छिड़ी बहस

**-फिलहाल प्रवर समिति के पास ही रहेगा भूजल प्राधिकरण विधेयक**




जयपुर(रॉयल पत्रिका) पानी की राशनिंग को लेकर पिछले सत्र में लाया गया भूजल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक 2024 को इस सत्र में भी सरकार प्रवर समिति के पास ही रखने जा रही है। पिछले सत्र में बिल पर विवाद होने के चलते सदन में चर्चा के बाद इसे पुनर्विचार के लिए प्रवर समिति को भेज दिया गया था। राजस्थान की भजनलाल सरकार पिछले विधानसभा के बजट सत्र में पानी राशनिंग को लेकर जो भूजल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक 2024 लाई थी। वह मौजूदा सत्र में भी प्रवर समिति के पास ही रहेगा। पिछले सत्र में इस बिल को चर्चा के लिए सदन में रखा गया था, लेकिन कांग्रेस के साथ ही भाजपा विधायकों ने भी इसका खुलकर विरोध कर दिया था। बिल में सरकार ने भूजल प्रबंधन के लिए नया प्रधिकरण गठन करने का प्रस्ताव रखा था। कांग्रेस और भाजपा विधायकों ने इसका यह कहते हुए विरोध किया था कि बिल में पानी की राशनिंग करने के प्रावधान किए गए हैं। विधेयक में राजस्थान में निजी इंडस्ट्रीज और घरेलू ट्यूबवेल्स खुदाई पर बैन लगाए जाने का प्रावधान था। साथ ही राज्य में जो इंडस्ट्रीज चल रही हैं, उनमें टेलीमीट्रिक डिजिटल वाटर मीटर लगाए जाने के प्रावधान भी बिल में थे।

# मदरसे में बाल संसद का आयोजन: छात्रों ने सीखी लोकतांत्रिक प्रक्रिया



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर शास्त्री नगर स्थित नाहरी का नाका के मदरसा जामिया तय्यबा मेमोरियल स्कूल में सोमवार 3 फरवरी को एक अनूठी पहल के तहत बाल संसद (चिल्ड्रन्स पार्लियामेंट) का चुनाव आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया से रुबरु कराना रहा। इस चुनाव में मदरसे के 6 उम्मीदवारों ने भाग लिया। चुनाव से पूर्व सभी छात्र-छात्राओं को मतदान का तरीका, उम्मीदवारों के परिचय, और मतपत्र के उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। जिस मे मैजिक बस फाउंडेशन की टीम से ईशा खंडेलवाल कुलदीप कुमार नरेश बागरी चुनाव प्रबंधन में सहयोग दिया, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। वहीं बाल सांसद बनने के इच्छुक छात्रों ने प्रत्येक कक्षा में जाकर अपने विजन को साझा किया। उनके वायदों में स्कूल की बेहतरी, शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार, और छात्र हितों को प्राथमिकता देने जैसे मुद्दे शामिल रहे। कुल 450 मतदाताओं ने इस चुनाव में भाग लेकर अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। और जिनकी आज गिनती की गई और जिसका आज रिजल्ट घोषित किया जिसमें चार बच्चों ने जीत हासिल की उनको एक-एक पद दिए गए जैसे फोजिया खानम को प्रधानमंत्री का पद दिया गया खुशबू को स्वास्थ्य मंत्री का पद दिया गया अली को शिक्षा मंत्री का पद दिया गया और अयान को खेल मंत्री का पद दिया गया और चारों बच्चों ने सबके सामने शपथ ग्रहण की"लोकतंत्र की सीख जरूरी": कारी मोहम्मद इसहाक मदरसा के संचालक कारी मोहम्मद इसहाक ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ऐसे आयोजनों से बच्चों को मतदान का महत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ मिलती है। यह उन्हें भविष्य के नागरिक बनने की दिशा में तैयार करता है।

# जयपुर में महिला से लूट करने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

**-पेंट का सामान लेने के बहाने घर में घुसे, मारपीट कर जेवरात लूटे**



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर के खोह नागोरियान थाना क्षेत्र में महिला से मारपीट कर लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी बापर्दा हैं, और उनके पास से लूटे गए गहने और एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ है।

आरोपी कौन हैं?

**एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया के अनुसार, गिरफ्तार बदमाशों में शामिल हैं:**
घनश्याम मीना (25) - निवासी हिंडोली, बूंदी (हाल ड्राइवर, सांगानेर)
दीपक उर्फ दीपू मीना (28) - निवासी रूपपुरा, शिवदासपुरा
अरुण उर्फ रोबिन उर्फ केशू - निवासी सवाई माधोपुर (हाल ड्राइवर, सांगानेर सदर)
हरकेश प्रजापत (30) - निवासी सिंगवाड़ा, दौसा (हाल श्याम वाटिका, कानोता)
ठेकेदार हरकेश ने कर्ज के चलते लूट की साजिश रची थी।

**लूट की पूरी कहानी:**
30 जनवरी, दोपहर 11 बजे - बदमाश पेंट का सामान लेने के बहाने महिला के घर में घुसे।
पहली मंजिल पर बुलाया - दो बदमाश ऊपर गए, जबकि दो ग्राउंड फ्लोर पर रुके।
अलमारी से बैग निकालने लगे - महिला ने बदमाशों को पकड़ लिया तो उन्होंने मारपीट की और जेवरात लूट लिए।
कार से मौके से फरार हो गए - बदमाश स्विफ्ट कार से भागे।

**पुलिस ने ऐसे पकड़ा:**
सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के जरिए आरोपियों की पहचान हुई।
पुलिस टीम ने अलग-अलग जगह दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया।
वारदात में इस्तेमाल कार, सोने-चांदी के गहने और एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ।

# जयपुर विकास प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई

**-30 बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियां ध्वस्त**



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 30 बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। जोन-11: 25 बीघा भूमि पर "जगन्नाथ सिटी" ध्वस्तमहानिरीक्षक पुलिस श्री कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि ग्राम उती, बगरू (जिला जयपुर) में 25 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर "जगन्नाथ सिटी" नाम से अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास किया जा रहा था। जेडीए की बिना स्वीकृति और बिना भू-रूपांतरण के भूमि को समतल कर मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें, सीमेन्ट ब्लॉक, बाउंड्री वॉल और अन्य निर्माण किए जा रहे थे। सूचना मिलते ही जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से पूरी कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। जोन-02: 5 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई ग्राम नयागांव, सीस्यावास (जिला जयपुर) में 5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना पर जोन-02 के प्रवर्तन दस्ते ने तत्काल कार्रवाई कर इसे ध्वस्त कर दिया। यहां भी रातों-रात मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें, बाउंड्री वॉल और अन्य अवैध निर्माण किए गए थे। जेडीए ने अब तक 426 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया प्रवर्तन प्रकोष्ठ, जयपुर विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2024 में 383 और 2025 में अब तक 43 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया है। जेडीए लगातार अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल कर रहा है।

**महानिरीक्षक पुलिस की नागरिकों से अपील-** श्री कैलाश चंद्र विश्नोई ने नागरिकों से अपील की है कि अवैध निर्माण, कब्जा या अतिक्रमण की शिकायतें निम्न माध्यमों से दर्ज करवा सकते हैं:

**हेल्पलाइन नंबर:**

0141-2565800

0141-2575252

0141-2575151 (24x7 उपलब्ध)

ईमेल पर शिकायत करें:

cce.jda@rajasthan.gov.in

enforcement.jda@rajasthan.gov.in

# पंच बिरादरान ए महावतान "जौनार" का आयोजन, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियों ने लिया भाग



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर के घाटगेट क्षेत्र स्थित माता के मंड इलाके में 29 जनवरी को पंच बिरादरान ए महावतान "जौनार" का आयोजन किया गया।जिसमें शहर की प्रमुख सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक हस्तियों ने शिरकत की। इस आयोजन में विशेष मेज़बानी सीनियर पार्षद हाजी उमरदराज़ के परिवार द्वारा की गई। इस कार्यक्रम ने स्थानीय समाज और राजनीति के प्रमुख चेहरों को एक मंच पर लाकर एकता और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में आदर्श नगर विधायक रफीक़ ख़ान, जयपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष आर.आर. तिवारी, जयपुर हेरिटेज मेयर कुसुम यादव, पूर्व जयपुर मेयर मुनेश गुर्जर, पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल जैसे प्रमुख राजनीतिक हस्तियों के अलावा समाजसेवी पप्पू कुरैशी, अशफाक अहमद, एडवोकेट सलमान कुरैशी, ग़ुलाम मुस्तफ़ा और कई पार्षदगण भी उपस्थित रहे। सभी ने दूल्हा दुल्हन को अपने आशीर्वाद और दुआओं से नवाज़ा। कार्यक्रम में शाहनवाज़ लाला, जो वार्ड 83 से नगर निगम हेरिटेज जयपुर के पार्षद प्रत्याशी हैं, ने मंच संचालन किया और इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाहनवाज़ लाला ने अपने संबोधन में समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस आयोजन में महावतान बिरादरी के सदस्य अपने समुदाय की एकजुटता को लेकर प्रेरक विचारों को साझा करने के लिए एकत्र हुए। सभी उपस्थित व्यक्तियों ने एकजुट होकर समाज में भाईचारे और विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता की बात की। इसके अलावा, कार्यक्रम में बीजेपी और कांग्रेस के कई नेता भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस आयोजन को सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना।

# जयपुर में 5 फरवरी को छुट्टी का ऐलान, इस वजह से चुनिंदा कर्मचारियों को दिया जाएगा सवैतनिक अवकाश

**-राजधानी जयपुर में विभिन्न विभागों में 5 फरवरी को छुट्टी का ऐलान किया गया है**

**-हालांकि इस छुट्टी के लिए कुछ शर्तें है उसके मुताबिक ही चुनिंदा लोगों को छुट्टी मिलेगी.**



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में 5 फरवरी को छुट्टी का ऐलान किया गया है. हालांकि यह छुट्टी सभी लोगों के लिए नहीं बल्कि यह कर्मचारियों के लिए दिया जाएगा. यानी केवल चुनिंदा कर्मचारियों के लिए 5 फरवरी को छुट्टी की घोषणा की गई है. यह वह कर्मचारी होंगे जिनका निवास स्थान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है. इन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश देने का फैसला किया गया है. इसकी जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर ने दी है. दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर 5 फरवरी को मतदान होने वाला है. दिल्ली में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में एक चरण में चुनाव होने वाला है. ऐसे में दिल्ली के रहने वाले कर्मचारियों को जयपुर में छुट्टी दी जाएगी.

**दिल्ली में मतदान करने वालों को मिलेगी वेतन के साथ छुट्टी:-**
उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर आशीष कुमार ने जयपुर जिले में कार्यरत उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जो दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के पंजीकृत मतदाता हैं.
उन्हें दिल्ली विधानसभा आम चुनाव के मतदान दिवस 5 फरवरी को सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश समस्त विभागाध्यक्षों दिये हैं. यानी जो दिल्ली में रजिस्टर्ड मतदाता हैं उन लोगों को विभाग मतदान करने के लिए छुट्टी देगी.

**आवेदन करने पर मिलेगी छुट्टी:-**
आशीष कुमार ने बताया कि जयपुर जिले में कार्यरत अधिकारी या कर्मचारी, जो दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के पंजीकृत मतदाता है, द्वारा आवेदन करने पर सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के लिए संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों, विभिन्न विभागों, उपक्रमों, बोर्ड, निगमों आदि के विभागाध्यक्षों को प्राधिकृत किया गया है.
इसी के साथ श्रम विभाग द्वारा दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्रों के निजी औद्योगिक संस्थानों एवं राजकीय उपक्रमों के मतदाताओं तथा जयपुर जिले के ऐसे कार्मिक जो दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता है.
उन्हें उनके क्षेत्र में मतदान दिवस की तारीख 5 फरवरी 2025 के लिए सभी संस्थानों में कार्यरत सभी कामगारों को, जिनमें आकस्मिक कामगार भी सम्मिलित है, सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के लिए विनिर्दिष्ट किया गया है.

# जयपुर से महाकुंभ गया युवक लापता, पुलिस तलाश में जुटी

**-तीन दिन में लौटने की कही थी बात, मोबाइल स्विच ऑफ**



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर के सिद्धार्थ नगर-ए, एयरपोर्ट निवासी 21 वर्षीय आशीष मीणा महाकुंभ जाने के लिए 30 जनवरी को घर से निकला था। उसने परिजनों को बताया था कि दो-तीन दिन में लौट आएगा, लेकिन दो दिन बाद से ही उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है।

**परिवार ने की पुलिस में शिकायत:-**
काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर आशीष के पिता रामफुल मीना ने एयरपोर्ट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

**पुलिस जांच में जुटी:-**
थानाधिकारी संदीप बसेरा ने बताया कि पुलिस मोबाइल डिटेल और लोकेशन ट्रेस कर रही है। युवक की तलाश जारी है।

# अजमेर दरगाह के दीवान ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

## -अजमेर को राष्ट्रीय जैन तीर्थ स्थल घोषित करने की मांग, बोले- इससे सांप्रदायिक सद्भाव बढ़ेगा



अजमेर(रॉयल पत्रिका)। अजमेर दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन की ओर से मंगलवार को एक बयान जारी किया गया। दरगाह दीवान ने अजमेर को राष्ट्रीय जैन तीर्थ स्थल घोषित करने की प्रधानमंत्री से मांग की है। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा गया है। दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन ने कहा- हमारा भारत अनेक धर्मों और समृद्ध आध्यात्मिक विरासतों का संगम है। यह पावन धरती अनगिनत संतों, ऋषियों और महान विभूतियों का तपोस्थल रही है, जिन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अनमोल योगदान दिए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में अजमेर शहर का भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। जहां एक ओर ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह विश्वभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, तो दूसरी ओर ब्रह्मा जी का तीर्थ इसकी ऐतिहासिक एवं धार्मिक प्रतिष्ठा को और बढ़ाता है। दीवान ने कहा- 6 फरवरी को देशभर में सभी जैन समाज की ओर से आचार्य 108 विद्यासागर महाराज की पुण्यतिथि मनाई जा रही है। आचार्य अपनी कठोर तपस्या, त्याग और मानव सेवा के लिए पहचाने जाते हैं। उनके महान विचार सदैव संपूर्ण मानव समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। आचार्य विद्यासागर महाराज का अजमेर से विशेष संबंध रहा है। दीवान ने कहा- यहीं से उन्होंने अपने आध्यात्मिक जीवन की यात्रा प्रारंभ की थी और इसी पुण्यभूमि में उन्हें दीक्षा मिली। अतः अजमेर, देश भर के जैन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र होने के साथ-साथ आचार्य श्री की जन्मस्थली के रूप में प्रतिष्ठित है। अजमेर शहर को राष्ट्रीय स्तर पर जैन तीर्थ स्थल घोषित किया जाए। यह निर्णय न केवल आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के प्रति सच्चा सम्मान होगा, बल्कि भारत की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को और अधिक प्रतिष्ठा भी प्रदान करेगा। अजमेर को जैन धर्म के राष्ट्रीय तीर्थ स्थल का दर्जा प्रदान करा जाए इस महत्त्वपूर्ण निर्णय से न केवल जैन समाज, बल्कि अन्य सभी धर्मों व समुदायों के मध्य सांप्रदायिक सद्भाव और धार्मिक सौहार्द को और अधिक बल मिलेगा।

# भीलवाड़ा में ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत विशेष अभियान

## -एक महीने में 45 लाख के 226 मोबाइल बरामद, 5 हजार शिकायतों का निस्तारण



भीलवाड़ा(रॉयल पत्रिका)। भीलवाड़ा में ऑपरेशन साइबर शील्ड में जनवरी में विशेष अभियान चला। भीलवाड़ा पुलिस ने साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया- ऑपरेशन के तहत भीलवाड़ा जिले ने अजमेर रेंज में सबसे अच्छी वर्किंग की। एक महीने में 45 लाख रुपए के 226 मोबाइल फोन बरामद कर सुपुर्द किए। 5 हजार से ज्यादा साइबर क्राइम शिकायतों का निस्तारण किया। 14 लाख 32 हजार रुपए रिफंड करवाए। पोर्टल के माध्यम से साइबर ठगी करने वालों की पहचान कर 4 प्रकरण दर्ज कर 4 आरोपी गिरफ्तार किया। उनसे 9 मोबाइल एवं 6 सिम कार्ड जब्त किए गए। इस दौरान 1930 पर प्राप्त शिकायतों, विभिन्न पोर्टल से प्राप्त आसूचना पर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने, गुमशुदा मोबाइल रिकवर करने, अन्य राज्यों से समन्वय स्थापित कर साइबर क्राइम प्रकरणों का निस्तारण करने, साइबर क्राइम के वांछित अपराधियों को पकड़ने एवं साइबर जागरूकता के लिए विभिन्न प्रयास किए गए।

**230 आईएमईआई एवं 509 मोबाइल सिम ब्लॉक करवाए:-** साइबर ठगी में उपयोग किए गए 230 आईएमईआई एवं 509 मोबाइल सिम की पहचान कर ब्लॉक करवाए गए। अन्य राज्यों से समन्वय स्थापित करते हुए अन्य राज्यों में वांछित 16 लोगों को नोटिस के जरिये पाबंद कराया। 50 नोटिस अन्य राज्यों को भेजे गए। गुमशुदा मोबाइल जब्ती में थाना प्रतापनगर द्वारा सबसे ज्यादा 34 मोबाइल बरामद किए गए।

**साइबर ठगी के 43 लाख रुपए ब्लॉक किए:-** साइबर फ्रॉड रिस्पोंस सेल द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा cybercrime.gov.in पर प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक तथा पेमेंट गेटवे के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर जनवरी में विभिन्न खातों में 43 लाख 5 हजार 883 रुपए की राशि ब्लॉक करवाई ई।इसमें से अभी तक 14.32 लाख रुपए प्रार्थियों को उनके खाते में रिफंड करवाए जा चुके हैं। शेष राशि के रिफंड के लिए न्यायालय से आदेश प्राप्त कर प्रयास किये जा रहे हैं।

**अदर स्टेट में भेजे नोटिस:-** समन्वय पोर्टल पर अपराधियों का रिकॉर्ड अपलोड कर अन्य राज्यों में वांछित 16 लोगों को नोटिस के जरिए पाबंद कर तामील अन्य राज्यों को भिजवाई गई। इसी तरह भीलवाड़ा जिले के प्रकरणों में कुल 50 नोटिस/वारंट/वेरिफिकेशन अन्य राज्यों को भेजे गए। साइबर जागरूकता के लिए थाना और जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए।

**इनको किया टीम में शामिल:-** इसके लिए जिला स्तरीय टीम में प्रशिक्षु आईपीएस उषा यादव, साइबर सेल के कॉन्स्टेबल अंकित यादव, छोटूलाल और समर्थ आचार्य को शामिल किया गया।

# फार्मर रजिस्ट्री अभियान - 5 फरवरी से 31 मार्च तक ग्राम पंचायतों में

## -मुख्यालयों पर होगा तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन -किसानों को मिलेगी डिजिटल पहचान, ऑनलाइन होगा रिकॉर्ड



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में किसानों को सशक्त करने के लिए डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। एग्रीस्टैक योजना में किसान रजिस्ट्री प्रोजेक्ट को आज से सम्पूर्ण राजस्थान में लागू किया जा रहा है । इस योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में 5 फरवरी से 31 मार्च तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जहाँ किसानों की फार्मर आई.डी. बनाई जाएगी।

**सुबह 9:30 से शाम 5:30 तक चलेंगे शिविर:-** इन शिविरों में किसान जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित तिथियों को प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जाएगा।

**बेहद सरल है किसान आईडी बनवाने की प्रक्रिया :-** सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर तीन दिवसीय शिविरों का कार्यक्रम जिला कलक्टर द्वारा निर्धारित किया गया है जिसकी जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए एक पोर्टल भी बनाया गया है। इस पोर्टल WWW. Rjfrc.Rajasthan.gov.in से आप अपने शिविर की तिथियों व स्थान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिविरों में किसान को रजिस्ट्रेशन होने पर एक एनरोलमेंट स्लिप दी जाएगी। जिसके 24 घंटे के अंदर किसान के मोबाइल नंबर पर फार्मर रजिस्ट्री मैसेज के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी ।

**हर किसान को मिलेगी 11 अंकों की एक विशिष्ट पहचान:-** किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है। कृषक विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि को डिजिटल रूप में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को 'आधार' आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे। किसान आईडी डिजिटली सत्यापन योग्य पहचान है, जिसे www.rjfr.agristack.gov.in पोर्टल पर जाकर प्राप्त कर सकते है। फार्मर आईडी जनरेट होने के बाद भूमि संशोधन (खसरा जोड़ने या हटाने) के लिए पटवारी, भू-अभि. निरीक्षक या तहसीलदार से सम्पर्क किया जा सकता है। इस हेतु मोबाइल एप/वेबसाइट द्वारा प्रदेश के समस्त कृषकों के स्वामित्व वाले सभी खसरों को सम्मिलित करते हुए कृषक के 'आधार' से लिंक कराया जाएगा, तत्पश्चात कृषक से ऑनलाइन सहमति प्राप्त करते हुए ई-हस्ताक्षर की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**इसलिए जरूरी है किसान रजिस्ट्री:-** भविष्य में प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक है। राज्य एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों को प्रदान करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक होगी। भविष्य में नामांतरणकरण एवं क्रय पंजीयन की प्रक्रिया में भी फार्मर आईडी आवश्यक होगी।

**किसान रजिस्ट्री से किसानों को लाभ:-** किसान आईडी (बिना अतिरिक्त दस्तावेज) के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच आसान हो सकेगी। पात्र किसान का प्रधानमंत्री-किसान/मुख्यमंत्री-किसान सम्मान निधि योजना, अन्य योजनाओं में स्वतः जुड़ना सम्भव होगा। किसानों से फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्यों एवं अन्य योजनाओं में त्वरित (बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के) खरीद संभव हो सकेगी। किसान की फसल के अनुसार डिजिटल तरीके से फसलों का बीमा संभव होगा। इसके अतिरिक्ति किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण आसानी एवं शीघ्रता से मिल सकेगा। किसानों को फसलों के लिए सेवाओं और बाजारों का व्यापक विकल्प मिल सकेगा। किसान अपनी फसलों, मृदा की स्थिति और कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुसार परामर्श सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे । साथ ही, सरकारी योजनाओं में लाभों का समान वितरण सुनिश्चित हो सकेगा, साथ ही लाभ से वंचित पात्र किसानों की पहचान संभव होगी ।

# 5 फरवरी से हनुमानगढ़ में शुरू होगा फार्मर रजिस्ट्री अभियान

## -किसानों को मिलेगी डिजिटल पहचान, सरकारी योजनाओं का लाभ लेना होगा आसान



हनुमानगढ़(रॉयल पत्रिका)। हनुमानगढ़ किसानों को डिजिटल पहचान देने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से 5 फरवरी से जिले में फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में, सरकार ने इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है। इससे पहले, सीकर जिले में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सफलतापूर्वक लागू किया गया था। इस अभियान के तहत, जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां किसानों को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी दी जाएगी। इस आईडी में किसानों की कृषि भूमि का पूरा विवरण होगा और इसे आधार कार्ड से जोड़ा जाएगा। इस योजना से किसानों को पीएम किसान/सीएम किसान सम्मान निधि योजना और कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ सीधे मिल सकेगा।

# ठगी करने के 5 आरोपी गिरफ्तार

## -अच्छे रिटर्न का झांसा देकर फंसाया, फिर सोसायटी बंद कर भागे



कोटा(रॉयल पत्रिका )। अच्छे रिटर्न का झांसा देकर लोगों से ठगी करने के 5 आरोपियों को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड विक्रम सिंह ने साल 2008 में संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी को राजस्थान सोसाइटी अधिनियम के तहत रजिस्टर करवाया था। इसके बाद 2010 में सोसायटी मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी के रूप में डेवलप होकर काम करने लगी। सोसायटी में निवेशकों को एजेंट बनाकर गोल्ड, सिल्वर सिक्कों, विदेश यात्रा अन्य प्रकार के लालच देते हुए ज्यादा से ज्यादा निवेश लाने के लिए प्रोत्साहित किया। गुमानपुरा थाना सीआई अनिल टेलर ने बताया- धोखाधड़ी के मास्टर माइंड आरोपी विक्रम सिंह निवासी इन्द्रोई तहसील रामसर जिला बाड़मेर, किशन सिंह, शिव मंदिर मार्ग लिलरिया धौरा जिला बाड़मेर, नरेश सोनी बैरिया का वास, राय कॉलोनी थाना सदर जिला बाड़मेर, शैतान सिंह ,सागर थाना डेचू जिला जोधपुर, देवी सिंह भादरिया तहसील पोखरण थाना लाठी जिला जैसलमेर को प्रोडक्शन के तहत कोटा जेल से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। 9 जनवरी 2022 को कुन्हाड़ी निवासी संतरा शर्मा ने थाने में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया- सोसाइटी के कोटा ब्रांच शाखा के मैनेजर भूपेंद्र सिंह, अरुण सोनी वंदना सिंह ने अच्छे रिटर्न का लालच दिया।मैने 9 लाख 81 हजार 712 रूपए इन्वेस्ट कर दिए। सोसायटी की ओर से 15 लाख 1 हजार 632 रूपए का रिटर्न देने का बांड दिया गया। टाइम पीरियड से पहले ही सोसायटी ने मिलीभगत करके अपने मित्रों और रिश्तेदारों के नाम करोड़ों के लोन निकलवाकर सभी शाखाएं बंद कर दी।

# हनुमानगढ़: जिला कलेक्टर ने योजनाओं की समीक्षा, सभी सार्वजनिक भवनों पर लगेंगे सोलर पैनल



हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर श्री काना राम ने सोमवार को विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिनमें पेयजल डिग्गियों की सफाई, कर्मयोगी ऐप पर प्रशिक्षण, और सार्वजनिक भवनों पर सोलर पैनल लगाने की योजना शामिल है। जल आपूर्ति और स्वास्थ्य पर विशेष जोर कलेक्टर ने पीएचईडी अधिकारियों को 28 फरवरी तक सभी पेयजल डिग्गियों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी सरकारी कर्मचारियों को कर्मयोगी ऐप पर हर सप्ताह एक कोर्स करने का आदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में विशेष अभियान के तहत 458 टीबी मरीजों की पहचान हुई है, वहीं अब तक 1656 लोग निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत हो चुके हैं। सौर ऊर्जा और विकास योजनाएं होंगी लागू कलेक्टर ने जिले के सभी सार्वजनिक भवनों पर सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिए और इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और असेसमेंट प्रक्रिया जल्द पूरी करने को कहा।

# कोटा में बेकाबू कार ने टक्कर मारी, हलवाई की मौत

## -केटरिंग की साइट पर गए थे, मजदूर लेने जाते समय हादसा हुआ



कोटा(रॉयल पत्रिका)। जिले के सिमलिया थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में हलवाई की मौत हो गई। मृतक नारायण सिंह गहलोत (60) कोटा के छावनी इलाके के रहने वाले थे। नारायण सिंह के केटरिंग का काम था। केटरिंग की साइट पर सोमवार को गढ़ेपान गए थे। आज सुबह मजदूर व सामान लेने गढ़ेपान से कोटा की तरफ आ रहे थे। रास्ते में पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहन सड़क किनारे जाकर गिरे। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को कोटा पहुंचाया। जहां ड्यूटी डॉक्टर ने चेक कर नारायण सिंह को मृत घोषित किया। शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया है।

**पीछे से मारी टक्कर:-** सिमलिया थाना SHO सुरेश शर्मा ने बताया कि कार सवार व बाइक सवार दोनों बारां से कोटा की तरफ रहे थे। भौरा के पास डिवाइडर के कट से गाड़ी मोड़ते समय कार सवार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे जा गिरे। एक्सीडेंट में बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि कार सवार को हल्की चोट लगी।

**अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर:-** दोस्त हंस कुमार गुप्ता ने बताया कि वो 34 साल से नारायण सिंह के साथ काम कर रहे थे। नारायण तीन दिन (3,4,5 फरवरी) साइट पर सोमवार को गढ़ेपान गए थे। आज सुबह 10 बजे करीब किसी को लेने व सामान लेने बाइक से कोटा की तरफ आ रहे थे। रास्ते में उन्होंने बाइक में पेट्रोल डलवाया। पेट्रोल डलवाने के बाद जैसे ही रवाना हुए। अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उनके सिर व हाथ पैर में चोट लगी थी। हादसे की सूचना फोन पर मिली। जिसके बाद एमबीएस हॉस्पिटल आया। ड्यूटी डॉक्टर ने नारायण को मृत घोषित किया। गुप्ता ने नारायण सिंह के तीन बच्चे (दो बेटी, एक बेटा) है। पत्नी की दो-तीन साल पहले मौत हो चुकी।

# किसानों को मिलेगा डिजिटल पहचान पत्र

## -जिले में 2.18 लाख किसानों को जारी होगी 11 अंकों का यूनिक आईडी, 5 फरवरी से शिविर शुरू



बारां (रॉयल पत्रिका)। बारां जिले में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल की शुरुआत होने जा रही है। कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के अनुसार 5 फरवरी से 27 मार्च तक चलने वाले विशेष शिविरों में 2 लाख 18 हजार किसानों को 11 अंकों का यूनिक आईडी कार्ड जारी किया जाएगा। एग्रीस्टैक योजना के तहत आयोजित इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाना है। इनमें किसानों की फसलों का डिजिटल सर्वे, भू-संदर्भित नक्शे का निर्माण और किसानों की विस्तृत जानकारी का डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा। यह डिजिटल कार्ड किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। शिविर में पंजीकरण के लिए किसानों को आधार कार्ड, खेत की जमाबंदी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। इन शिविरों में किसानों के साथ-साथ आम लोगों को भी विभिन्न सरकारी सेवाओं जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, खाद्य सुरक्षा योजना, भूमि पट्टा वितरण, पेंशन और छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। शिविरों की निगरानी के लिए एडीएम दिवांशु शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला परिषद में स्थापित हेल्प डेस्क से शिविरों की मॉनिटरिंग की जाएगी। शिविरों में जिला परिषद सीईओ, एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# ग्राम पंचायत स्तर पर "फार्मर रजिस्ट्री" शिविरों का आयोजन 5 फरवरी से



पाली(रॉयक पत्रिका)। पाली शासन सचिव एवं आयुक्त पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक "फार्मर रजिस्ट्री" शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**शिविरों में विभिन्न सेवाएं उपलब्ध होंगी:-** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए बताया कि इन शिविरों में अधिक से अधिक जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए पंचायती राज विभाग सहित पांच अन्य विभागों की विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया जाएगा।

**शिविरों में निम्नलिखित कार्य किए जाएंगे:-**

जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करना

लंबित पट्टों का निस्तारण

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू भूखंड एवं पट्टा आवंटन अभियान

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ

परिसंपत्ति रजिस्टरों का संधारण

**ग्राम सभा बैठकें होंगी अनिवार्य:-** विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि 3 फरवरी को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए। इस बैठक में पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक, सहकारिता प्रबंधक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी देंगे।

# सोने ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, चांदी भी उछली

## -स्टैंडर्ड गोल्ड 85,200 के ऑल टाइम हाई पर

जयपुर(रॉयल पत्रिका )। सोने की कीमतों में ऐतिहासिक बढ़ोतरी आज, 4 फरवरी 2025, को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 85,200 रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। जनवरी की शुरुआत से अब तक सोना 6,801 रुपए महंगा हो चुका है। चांदी भी हुई 900 रुपए महंगी चांदी की कीमत में भी तेजी जारी है, 900 रुपए की बढ़ोतरी के साथ अब यह 93,475 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है।

**कीमतों में उछाल की वजह:-** विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, डॉलर की कमजोरी और सुरक्षित निवेश की ओर झुकाव के चलते सोने और चांदी की कीमतों में यह तेजी देखी जा रही है।

**क्या सोना और महंगा होगा?**

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यदि मौजूदा आर्थिक हालात जारी रहे, तो सोना 90,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

## सैमसंग गैलेक्सी S25 सीरीज़ में हिंदी का समर्थन, जेमिनी लाइव का भारत में खास फोकस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैमसंग की गैलेक्सी एस 25 सीरीज़ नैचुरल लैंग्वेज अंडरस्टैंडिंग के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता है, जिससे रोजमर्रा के काम पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गए हैं। अब उपभोक्ता साधारण बातचीत की तरह सवाल पूछ सकते हैं और सैमसंग गैलरी में कोई खास फोटो ढूंढ सकते हैं या फिर सेटिंग्स में जाकर डिस्प्ले फ़ॉन्ट का आकार बदल सकते हैं। इसके अलावा, वे गूगल जेमिनी को एक्टिव कर सकते हैं और साइड बटन दबाकर सैमसंग व गूगल ऐप्स के साथ-साथ स्पोटिफाई जैसे थर्ड-पार्टी ऐप्स का भी सहज इस्तेमाल कर सकते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट और एमएक्स बिजनेस के प्रमुख टीएम रोह ने बताया कि भारत में गैलेक्सी स25 के उपभोक्ताओं के लिए गूगल जेमिनी लाइव शुरुआत से ही हिंदी में उपलब्ध होगा। यह सैमसंग के लिए भारतीय बाजार के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि गूगल जेमिनी लाइव कोरियाई, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में लॉन्च किया जाएगा। गैलेक्सी स25 के साथ शुरुआत में इन तीन भाषाओं में यह सुविधा दी जा रही है और भविष्य में इसे अन्य भाषाओं में भी विस्तारित किया जाएगा, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं को एक बेहतर अनुभव मिलेगा।

## भोपाल में करियर परामर्श और छात्र कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए आईसी 3 2025 क्षेत्रीय फोरम का आयोजन

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में आयोजित 2025 आईसी 3 क्षेत्रीय फोरम में करियर परामर्श और छात्र कल्याण के महत्व पर चर्चा करने के लिए मध्य प्रदेश भर के प्रमुख संस्थानों के शिक्षकों, काउंसलरऔर प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया। बिलबॉंग हाई इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुए फोरम ने गुणवत्तापूर्ण करियर परामर्श संसाधनों तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए छात्रों और शिक्षकों के सामने आने वाली जमीनी चुनौतियों को दूर करने के लिए संवाद को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। भोपाल में आयोजित क्र्3 क्षेत्रीय फोरम में 130 से अधिक पंजीकरण हुए, यह बात मध्य प्रदेश के शिक्षा समुदाय की मजबूत वचनबद्धता को दर्शाती है। 40 से अधिक संस्थानों ने इसमें हिस्सा लिया। फोरम ने समग्र करियर परामर्श प्रथाओं के माध्यम से छात्रों में मिलने वाले परिणामों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

## ज़ीरोबी ने भारत में वॉटर सॉफ़्टनिंग सॉल्यूशंस में अपनी लीडरशिप को किया और भी मजबूत

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की प्रसिद्ध वॉटर प्यूरीफिकेशन और सॉफ़्टनिंग सॉल्यूशंस ब्रांड, ज़ीरोबी, देश में हार्ड वॉटर की समस्या का समाधान करने में लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है। इनोवेशन और क्वालिटी के लिए मशहूर, ज़ीरोबी लाखों घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का भरोसेमंद विकल्प बन चुका है। ज़ीरोबी ने हाल ही में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है - इसके वॉटर सॉफ़्टनर्स अब तक 3 लाख से ज़्यादा घरों तक पहुँच चुके हैं। यह उपलब्धि ज़ीरोबी के उस वादे को मजबूत करती है, जिसमें यह लोगों को हार्ड वॉटर की समस्याओं से निजात दिलाने और उनकी लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने की बात करता है। भारत के कई हिस्सों में हार्ड वॉटर, जिसमें कैल्शियम और मैग्नीशियम की मात्रा ज़्यादा होती है, एक बड़ी समस्या है। इसके कारणत्वचा शुष्क हो जाती है, बालों को नुकसान पहुँचता है और बाथ फिटिंग्स, घरेलू उपकरणों और पाइपलाइन में खराबी आ जाती है। वॉटर सॉफ़्टनिंग टेक्नोलॉजी में मार्केट लीडर होने के नाते, ज़ीरोबी का ऑटोमैटिक वॉटर सॉफ़्टनर्स का रेंज इन सभी समस्याओं का हल करता है। साथ ही, यह सेफ्टी, एनर्जी एफिशिएंसी और उपयोग में आसानी को भी सुनिश्चित करता है। ज़ीरोबी के वॉटर सॉफ़्टनर्स पेटेंटेड तकनीक के साथ फूड-ग्रेड रेज़िन का उपयोग करते हैं, जो इन्हें पूरी तरह सेफ और हर रोज़ इस्तेमाल के लिए परफेक्ट बनाते हैं।

# होम-स्टे के लिए बजट में मुद्रा ऋण का विस्तारहोगा

### एसबीआई ने कहा- 1500 करोड़ रुपये का अवसर पैदा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण का विस्तार पर्यटन क्षेत्र में छोटे व्यवसायों को एक महत्वपूर्ण अवसर देगा। सरकार की ओर से बजट 2025-26 में शिशु श्रेणी के तहत 1,500 करोड़ रुपये के संभावित ऋण का एलान किया गया है। आइए इस बारे में और जानें।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण का विस्तार पर्यटन क्षेत्र में छोटे व्यवसायों को एक महत्वपूर्ण अवसर देगा। सरकार की ओर से बजट 2025-26 में शिशु श्रेणी के तहत 1,500 करोड़ रुपये के संभावित ऋण का एलान किया गया है।




रिपोर्ट में बताया गया है कि पर्यटकों की बढ़ती आमद के कारण होमस्टे की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है। देश भर में लगभग 3 मिलियन होमस्टे की अनुमानित आवश्यकता है। मुद्रा ऋण के विस्तार से छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके इस बढ़ते क्षेत्र को मदद मिलने की उम्मीद है। इस ऋण से उन्हें अपने होमस्टे व्यवसायों को स्थापित करने और विस्तार करने में मदद मिलेगी। एसबीआई ने कहा होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण के विस्तार के साथ, शिशु श्रेणी के तहत लगभग 1,500 करोड़ रुपये के ऋण का अवसर पैदा हुआ है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत छोटे उद्यमी तीन श्रेणियों- शिशु (50,000 रुपये तक), किशोर (50,001 रुपये से 5 लाख रुपये) और तरुण (5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये) के तहत ऋण ले सकते हैं। वर्तमान में, होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण पहल शिशु श्रेणी पर केंद्रित है, जिसमें अनुमानित रूप से 1,500 करोड़ रुपये के ऋणों के मौके उपलब्ध हैं। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि इसे किशोर श्रेणी तक बढ़ाया जाता है, तो संभावित ऋण वितरण का आंकड़ा लगभग 8,250 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

सरकार की पहल का उद्देश्य पर्यटन से संबंधित व्यवसायों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर स्थानीय आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा देना है। इससे न केवल आवास की उपलब्धता बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार पैदा करके आर्थिक विकास में भी योगदान मिलेगा। इसके अलावा, सरकार परिवहन संपर्क बढ़ाकर प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

एसबीआई के अनुसार, इन पहलों से भारत के पर्यटन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने और आर्थिक अवसरों में वृद्धि के जरिए स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने की उम्मीद है। होमस्टे के लिए मुद्रा ऋणों का विस्तार भारत को अधिक पर्यटक-अनुकूल गंतव्य बनाने और छोटे व्यवसायों और रोजगार सृजन का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सी एम हेल्प लाइन को बेहतर करने ज्ञापन देंगे सोशल एक्टिविस्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** सी एम हेल्प लाइन की पहचान आज प्रदेश में एक बेहतरीन सुविधा के रूप में है।नागरिकों को सिस्टम से अपनी मांग शिकायत दूर करने में काफी मदद मिल जाती है।मगर इधर एक आवेदक ऐसे भी है जो इससे भिन्न राय रखते है।आवेदक पवित्र शर्मा का मानना है कि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते रहे है।उन्होंने सहकारिता विभाग मध्य प्रदेश शासन में स्थापना अधीक्षक संजीव गुप्ता के विरुद्ध एस बी आई हाउसिंग सहकारी समिति की जानकारी मांगी जिस पर कभी भी संतुष्टि पूर्ण जवाब उन्हें नहीं मिला।सी एम हेल्प लाइन के अधिकारी इधर उधर के उत्तर दर्ज कर देते है।उन्होंने बताया कि भोपाल स्थित एस बी आई हाउसिंग सहकारी समिति के मामले में विभाग में संयुक्त पंजीयक अभय खरे एवं तात्कालीन पंजीयक सहकारिता आलोक सिंह ने वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक संजीव गुप्ता के मामले में बेहद सख्त रवैया अपनाया था किंतु षडयंत्र पूर्वक यह फाइल कार्यालय से गायब करवा दी गई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया।अब वे जब इसकी फाइल की जानकारी मांग रहे है तो उन्हें घुमाया जा रहा है।एक और अन्य मामले में राजस्व विभाग में दर्ज सी एम हेल्प लाइन के विषय में श्री पवित्र शर्मा ने बताया कि फर्जी मीसा बंदियों के प्रमाण पत्र देने के मामले जबलपुर कलेक्टर हरिरंजन राव के कार्यकाल में अशोक सिंघई का मामला हुआ था।अनेक अपात्र लोगों को पैसे देकर मीसा बंदी और ताम्र पत्र प्रशस्ति बेचने का मामला था।यहां तक कि कार्यालय कलेक्टर में कार्यरत महिला लिपिक ने भी अपना प्रमाण पत्र बनवा लिया था।प्राथमिकी भी बरेला थाने में दर्ज हुई थी।इस मामले के तथ्य अनेक बार मांगने पर भी उपलब्ध नहीं कराए गए है।सोशल एक्टिविस्ट पवित्र शर्मा का कहना है जवाबदेह प्रशासन और संवेदनशील मुख्यमंत्री जी को सी एम हेल्पलाइन व्यवस्था की इन कमियों पर ध्यान देना आवश्यक है ।उन्होंने बताया जबलपुर के अधिवक्ताओं और सोशल एक्टिविस्ट के साथ वे इस संबंध में मुख्यमंत्री महोदय को मिलकर ज्ञापन देंगे।सी एम हेल्प लाइन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए व्यवस्था सुधार समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय कलेक्टर जबलपुर संयुक्त आयुक्त सहकारिता जबलपुर को पत्र भी दिया जा रहा है।

## चीन-कनाडा-मैक्सिको पर ट्रंप के टैरिफ बाद बाजार में भूचाल, सेंसेक्स में गिरावट, निफ्टी भी लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिका के फैसलों की चिंताओं के बीच एशियाई बाजारों में कमजोरी के चलते सोमवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले केंद्रीय बजट पेश होने के कारण शनिवार को घरेलू बाजार खुले थे।



चीन, कनाडा और मैक्सिको पर अमेरिका के टैरिफ लगाने के बाद भारतीय बाजार में सोमवार को भूचाल देखा गया। घरेलू शेयर बाजार में फरवरी महीने और कारोबारी हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारी गिरावट देखी गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 731.91 अंक गिरकर 76,774.05 अंक पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 243 अंक गिरकर 23,239.15 अंक पर पहुंच गया। इसके अलावा शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 54 पैसे टूटकर 87.16 डॉलर के सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शनिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,327.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

अमेरिका के फैसलों की चिंताओं के बीच एशियाई बाजारों में कमजोरी के चलते सोमवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 731.91 अंक गिरकर 76,774.05 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 243 अंक गिरकर 23,239.15 अंक पर आ गया। एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शनिवार को 1,327.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

इससे पहले केंद्रीय बजट पेश होने के कारण शनिवार को घरेलू बाजार खुले थे। भारी उतार-चढ़ाव वाले दिन के बाजार में बीएसई बेंचमार्क शनिवार को 5.39 अंक या 0.01 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 77,505.96 पर बंद हुआ था। निफ्टी 26.25 अंक या 0.11 फीसदी गिरकर 23,482.15 अंक पर बंद हुआ।

## जनवरी में एक्सपोर्ट और नए ऑर्डर ने दिया उछाल, मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 6 महीने के टॉप पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जनवरी में भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने दमदार शुरुआत की है। दिसंबर में थोड़ी सुस्ती के बाद अब एक्सपोर्ट्स में करीब 14 साल की सबसे तेज बढ़त देखने को मिली है। नए ऑर्डर्स भी जुलाई के बाद सबसे तेज रफ्तार से बढ़े हैं। इस वजह से जनवरी का मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स छह महीने के टॉप लेवल पर पहुंच गया है।



जनवरी में पीएमआई 57.7 रहा, जबकि दिसंबर में यह 56.4 था। बता दें कि पीएमआई का 50 से ऊपर होना सेक्टर में ग्रोथ को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दिखाता है। जबरदस्त एक्सपोर्ट्स और ऑर्डर्स की इस तेजी से भारतीय प्रोड्यूसर्स ने नए साल की मजबूत शुरुआत की है, जो आगे भी इकोनॉमी के लिए पॉजिटिव संकेत माना जा रहा है।

सर्वे के मुताबिक, कॉस्ट प्रेशर 11 महीनों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया, लेकिन मांग में तेजी के चलते कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ाए। इसके साथ ही बिजनेस कॉन्फिडेंस भी मजबूत हुआ है। खरीदारी में बढ़ोतरी और रिकॉर्ड लेवल पर रोजगार सृजन देखने को मिला है। नए ऑर्डर्स में उछाल की वजह बेहतर घरेलू मांग और इंटरनेशनल सेल्स में बढ़ोतरी रही। खास बात यह रही कि भारतीय प्रोडक्ट्स की अंतरराष्ट्रीय मांग में 14 साल की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ोतरी दर्ज की गई।

एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा, डोमेस्टिक और एक्सपोर्ट डिमांड दोनों मजबूत बनी हुई हैं, जिससे नए ऑर्डर्स में ग्रोथ देखने को मिल रही है। उन्होंने आगे बताया कि एम्प्लॉयमेंट पीएमआई ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में मजबूत जॉब क्रिएशन का संकेत दिया है। यह इंडेक्स अपने लॉन्च के बाद से अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है।

सर्वे में यह भी बताया गया कि इनपुट कॉस्ट में दूसरी बार गिरावट दर्ज हुई है, जिससे कंपनियों पर फाइनल प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ाने का दबाव कम हुआ है। इसके साथ ही कंपनियां भविष्य को लेकर भी ज्यादा आशावादी हो गई हैं। लगभग 32त्न कंपनियों ने कहा कि वे ग्रोथ की उम्मीद कर रही हैं, जबकि सिर्फ 1त्न कंपनियों ने प्रोडक्शन में कमी की आशंका जताई है।

नए सर्वे के मुताबिक, भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में ग्रोथ के संकेत बेहद मजबूत हैं। पैनल मेंबर्स का कहना है कि डिमांड में तेजी, ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध, अनुकूल आर्थिक परिस्थितियां और मार्केटिंग के प्रयास इस ग्रोथ को और बढ़ावा देंगे।

सर्वे के अनुसार, मजबूत बिक्री और सकारात्मक भविष्यवाणी के चलते कंपनियों ने वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही की शुरुआत में नए कर्मचारियों की भारी संख्या में भर्तियां कीं। रोजगार में यह बढ़त पिछले 20 वर्षों में सबसे तेज रही, जिससे यह संकेत मिलता है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एक्टिविटी अपने चरम पर है।

जनवरी में भारतीय कंपनियों ने इनपुट्स की खरीदारी में तेजी दिखाई, जो पिछले तीन महीनों में सबसे तेज रही। इन्वेंटरी बढ़ाने की कोशिशों में कंपनियां कामयाब रहीं क्योंकि सप्लायर्स ने समय पर डिलीवरी की। सर्वे के मुताबिक, वेंडर परफॉर्मेंस बीते आठ महीनों में सबसे बेहतर रही, जबकि इनपुट स्टॉक्स का जमाव अक्टूबर 2024 के बाद सबसे तेज स्तर पर पहुंच गया।

## 90% से ज्यादा आयकरदाता अपनाएंगे नई कर व्यवस्था, सीबीडीटी प्रमुख बोले- अभी यह 75 प्रतिशत पर है स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बजट में आम जनता को राहत देते हुए 12 लाख तक के आय पर कर से छूट दी है। वहीं इस पर सीबीडीटी के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने बताया है कि नई कर व्यवस्था को 90 फीसदी से ज्यादा आयकरदाता अपनाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि फिलहाल नई कर व्यवस्था में 75त्न आयकरदाता शामिल हैं।

सालाना 12 लाख रुपये तक की आय पर शून्य कर की बजट घोषणा और सभी कर स्लैबों में बदलाव से 90 प्रतिशत से अधिक व्यक्तिगत करदाता नई कर व्यवस्था अपना सकते हैं। अभी यह लगभग 75 प्रतिशत है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा, सरलीकृत आईटीआर-1 में आय की रिपोर्ट करने के लिए उपलब्ध प्रक्रियाएं बहुत जटिल नहीं थीं।



उन्होंने कहा, नई कर व्यवस्था में पुरानी व्यवस्था की तरह कोई कटौती या छूट नहीं है। इसलिए यहां करदाता बिना किसी पेशेवर की मदद से खुद अपना रिटर्न भर सकता है। आगे बढ़ने के लिए हमेशा सुधार की गुंजाइश बनी रहती है और यह सभी क्षेत्रों में सच है। लेकिन कुल मिलाकर, आम करदाता के लिए चीजें काफी हद तक सरल हो गई हैं।

उन्होंने कहा, आयकर भुगतान के संबंध में बजट में की गई घोषणाओं के साथ, अधिक से अधिक करदाताओं को नई व्यवस्था का विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नई छूट से न केवल उन लोगों को लाभ होगा जो प्रति वर्ष 12 लाख रुपये कमाते हैं, बल्कि सभी को लाभ होगा। कर अधिकारी अब तमाम झंझटों या प्रक्रियाओं की जगह करदाता को बस संकेत देते हैं कि करों का भुगतान कीजिए और खुश रहिए।

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा, वे बड़े पैमाने पर टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं जिसमें एआई का उपयोग और इलेक्ट्रॉनिक रूप से कई डाटा का दोहन शामिल है। उन्होंने कहा, हमें कई डाटा स्रोतों से जानकारी मिल रही है। हम उस डाटा को एकत्रित कर रहे हैं और करदाता के लिए उपलब्ध करा रहे हैं। अब अधिक से अधिक करदाता अपने तरफ से किए गए लेनदेन की विविधता के बारे में जागरूक हो रहे हैं। जब वे अपना रिटर्न दाखिल करते हैं तो अनुपालन करते हैं। गलत या फर्जी कटौती का दावा करने वाले लगभग 90,000 करदाताओं ने संशोधित रिटर्न दाखिल किया है और पिछले वर्ष के दौरान करों में 1,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

## अमेरिकी टैरिफ का असर; चीन के युआन ने लगाया गोता, मैक्सिकन पेसो और कनाडाई डॉलर में भी रिकॉर्ड गिरावट

**वाशिंगटननई दिल्ली, एजेंसी।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था, 01 फरवरी से ये शुल्क लागू हो होंगे। ये वादे राष्ट्रपति की ओर से किए गए थे और अब इन्हें पूरा किया जा रहा है।

चीन, मैक्सिको और कनाडा की मुद्रा पर अमेरिकी टैरिफ का असर देखने को मिला है। तीनों ही देशों की मुद्रा में रिकॉर्ड गिरावट देखी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को ऑफशोर ट्रेडिंग में चीन का युआन रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने के फैसले के बाद मैक्सिको के पेसो और कनाडा के डॉलर में कई वर्षों के मुकाबले रिकॉर्ड गिरावट देखने को मिली। दोनों की ही मुद्राएं कई वर्षों के मुकाबले निचले स्तर पर आ गई हैं। इससे व्यापार युद्ध बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है।



इससे पहले व्हाइट हाउस ने शुक्रवार (31 जनवरी) को कहा था कि कनाडा और मैक्सिको से आयात पर 25 प्रतिशत का शुल्क (टैरिफ) शनिवार यानी 01 फरवरी से लागू होंगे। इसके साथ ही चीन से आयात होने वाले सामानों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी कि क्या इन उपायों में कोई छूट होगी, क्योंकि इन टैरिफ के परिणामस्वरूप अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए सामान काफी महंगे हो सकते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में इन टैरिफ की घोषणा की थी। रिपब्लिकन नेता ट्रंप अवैध आव्रजन और 'फेंटेनाइल' के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रसायनों की तस्करी को रोकने के लिए देशों से अधिक सहयोग सुनिश्चित करने के मद्देनजर टैरिफ लगाने का दावा कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा है कि इसका मकसद घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था, 01 फरवरी से ये शुल्क लागू हो होंगे। ये वादे राष्ट्रपति की ओर से किए गए थे और अब इन्हें पूरा किया जा रहा है। ट्रंप ने कहा था कि वह कनाडा और मैक्सिको से तेल आयात के लिए छूट जारी रखने पर विचार कर रहे हैं, लेकिन लेविट ने कहा कि उनके पास राष्ट्रपति के किसी भी संभावित कटौती के फैसले के बारे में साझा करने के लिए कोई जानकारी नहीं है।

## बजट 2025 : स्टार्टअप्स के लिए निगमन की अवधि 5 साल बढ़ाई, 2030 तक मिलेगा कर लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2025-26 में स्टार्टअप्स के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने स्टार्टअप्स के निगमन की अवधि को बढ़ाकर 1 अप्रैल 2030 तक कर दिया है, जिससे डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80-आईएसी के तहत कर लाभ मिलने की अनुमति मिलेगी। इससे स्टार्टअप्स को 10 वर्षों में से तीन साल तक मुनाफे पर 100 प्रतिशत कर छूट का लाभ मिलेगा, जो उनके लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय राहत है।




इस विस्तार को लेकर उद्योग जगत में खुशी की लहर है और विभिन्न स्टार्टअप्स ने इसे एक सकारात्मक कदम बताया है। साथ ही, यह कदम उद्यम पूंजी और एंजेल निवेशकों के लिए भी आकर्षक निवेश का रास्ता खोलेगा। सरकार की इस पहल से भारतीय स्टार्टअप्स को नए मौके मिलेंगे और वे आर्थिक विकास में और अधिक योगदान दे सकेंगे।



ग्रैमी अवॉर्ड :

# रहमान ने अब तक जीते दो ग्रैमी, इस बार अनुष्का शंकर समेत छह भारतीयों को मिला नॉमिनेशन



अमेरिका के लॉस एंजिल्स में ग्रैमी अवॉर्ड शुरू हो चुके हैं। यह म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़ा एक नामी अवॉर्ड है। दुनिया भर के म्यूजिक आर्टिस्ट्स के लिए यह अवॉर्ड काफी मायने रखता है। इस बार भारतीय मूल के आर्टिस्ट भी ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हुए हैं। पहले भी कई भारतीय कलाकारों ने ग्रैमी अवॉर्ड जीते हैं, जिसमें ए.आर रहमान का नाम भी शामिल है।

लॉस एंजिल्स में ग्रैमी अवार्ड्स की शुरुआत हो चुकी है। इस साल सबसे ज्यादा नॉमिनेशन सिंगर बियॉन्से के नाम रहे हैं। वह 11 नॉमिनेशन के साथ सबसे आगे रहीं। सिंगर ने बेस्ट कंट्री म्यूजिक का ग्रैमी भी अपने नाम किया है। इस ग्रैमी अवॉर्ड में कई भारतीयों के नाम भी शामिल हैं, जिनका नॉमिनेशन हुआ। साथ ही पिछले सालों में भी कई भारतीयों ने ग्रैमी अवॉर्ड अपने नाम किए हैं।

### छह भारतीय हुए ग्रैमी में नॉमिनेट

जहां तक बात भारतीय कलाकारों की है, इस लिस्ट में रिकी केज, मशहूर सितार वादक रविशंकर की बेटी अनुष्का शंकर, बरिजाश्री वेणुगोपाल, राधिका वेकारिया और चंद्रिका टंडन जैसे नाम शामिल हैं। ये सभी कलाकार भारतीय मूल के हैं। इस बार ये कलाकार ग्रैमी में अपने म्यूजिक वर्क के लिए नॉमिनेट हुए।

### पिछले साल रहा ग्रैमी में भारतीय कलाकारों का जलवा

साल 2024 की बात की जाए तो कई भारतीय कलाकारों ने अपने नाम ग्रैमी अवॉर्ड किए थे। इस लिस्ट में दिवंगत तबला वादक जाकिर हुसैन, बांसुरी वादक राकेश चौरसिया शामिल रहे। इनके अलावा सिंगर शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वा गणेश विनायक राम भी शामिल रहे।

# अभिजीत ने उदित को कहा खिलाड़ी दोस्त



**लाइव** कॉन्सर्ट के दौरान महिला प्रशंसकों को चूमने पर उदित नारायण की खूब आलोचना हो रही है। इस बीच सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य ने उदित नारायण पर टिप्पणी की है। मशहूर गायक उदित नारायण हाल ही में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान अपनी महिला प्रशंसकों को चूमते दिखे।

उनका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इसके बाद उदित नारायण को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उदित नारायण सफाई भी दे चुके हैं। इस बीच उनके दोस्त व लोकप्रिय गायक अभिजीत भट्टाचार्य ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मजेदार अंदाज में टिप्पणी करते हुए उदित नारायण को खिलाड़ी कहा है।

**मेरा खिलाड़ी दोस्त, लव यू**...अभिजीत भट्टाचार्य ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे और उदित नारायण परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं और गाना है मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी।

इस वीडियो को शेयर करते हुए अभिजीत ने कैप्शन में हैशटैग के साथ लिखा है, ये खिलाड़ी मैं अनाड़ी। इसके अलावा उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा है, मेरा खिलाड़ी दोस्त, सिक्सर पर सिक्सर, लव यू।

**यूजर बोले- ऐसा दोस्त दुश्मन को भी न मिले** अभिजीत के इस वीडियो और उदित नारायण को खिलाड़ी कहे जाने पर नेटिजन्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा, टाइम पर गाना लगाया, बड़े चालाक हो आप। एक यूजर ने लिखा, भगवान ऐसा दोस्त किसी दुश्मन को भी न दे। एक अन्य यूजर ने लिखा है, कैसे दोस्त हो आप? वीडियो पोस्ट करने के लिए क्या टाइमिंग चुनी है। एक यूजर ने लिखा, वीडियो और मकसद।



# हैलो, मैं आमिर खान बोल रहा हूं

## प्लीज आइएगा जरूर, जन्मदिन पर जुटेंगी पत्नियां और प्रेमिकाएं

**साल** 2025 को यादगार बनाने के आमिर खान के पास और भी दस बहाने हैं। उनके बेटे जुनैद की सिनेमाघरों में रिलीज हो रही पहली फिल्म 'लवयापा' को लेकर उनके परिवार में खासा उत्साह है। हैलो, मैं आमिर खान बोल रहा हूं। आपको अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर न्योता भेज रहा हूं। प्लीज, आइएगा जरूर! हिंदी सिनेमा के सितारों को अपने मोबाइल फोन पर जल्द ही ये आवाज सुनने को मिलने वाली है। कुछ को तो इसके बारे में पता चल ही चुका है क्योंकि सितारों की तारीखें बुक करने के लिए कम से कम दो-तीन महीने पहले से योजनाएं बनाना जरूरी होता है। आमिर 14 मार्च को 60 साल के हो जाएंगे और इस आंकड़े को छूने से पहले वह फिल्म जगत के उन सारे लोगों को शुक्रिया अदा करना चाहते हैं जिन्होंने उन्हें यहां तक पहुंचने में किसी न किसी तरह मदद की।

मोहम्मद आमिर हुसैन खान उर्फ आमिर खान अपने समय के दिग्गज फिल्म निर्माता ताहिर हुसैन के बेटे हैं। उनके चाचा नासिर हुसैन हिंदी सिनेमा के कामयाब फिल्म निर्देशक रहे। चचेरे भाई मंसूर खान ने आमिर को लेकर बतौर हीरो उनकी पहली फिल्म 'कयामत से कयामत तक' बनाई और उनकी आखिरी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' का निर्देशन किया उनके लंबे समय तक सहायक रहे अद्वैत चंदन ने। अद्वैत अब आमिर के बेटे जुनैद की फिल्म 'लवयापा' का भी निर्देशन कर रहे हैं। 24 मार्च 1965 को जन्मे आमिर को भारत सरकार पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित कर चुकी है।

# काजोल ने कर्नाटक सरकार के राइट टू डाई विद डिगनिटी कानून को बताया ऐतिहासिक

**कर्नाटक** सरकार ने शनिवार को सम्मान के साथ मरने का अधिकार (राइट टू डाई विद डिग्निटी) कानून लागू कर दिया है, जिस पर अभिनेत्री काजोल ने प्रतिक्रिया दी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर काजोल ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। काजोल सोशल मीडिया पर किसी भी मुद्दे पर बेबाकी के साथ अपनी राय रखती हैं। चाहे प्रोजेक्ट्स से जुड़ी खबर हो या फैमिली इवेंट, वह प्रशंसकों के साथ नए-नए पोस्ट शेयर करती रहती हैं। अभिनेत्री ने कर्नाटक में लागू नए कानून की सराहना करते हुए इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में इसे ऐतिहासिक कदम बताया। एक न्यूज पेपर की कटिंग को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कर्नाटक भारत का पहला राज्य बन गया है, जिसने गंभीर रूप से बीमार लोगों के लिए सम्मान के साथ मरने के अधिकार के लिए कानूनी ढांचा तैयार किया। यह कानून एक समाधान के तौर पर मानवीय, कानूनी रूप से स्वीकृत प्रक्रिया देता है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने साल 2022 में रिलीज हुई अपनी फिल्म सलाम वेंकी का भी जिक्र किया। सलाम वेंकी का निर्देशन रेवती ने किया था। फिल्म वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है, जो एक मां (काजोल) और उसके बेटे (विशाल जेठवा) जो ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित रहता है की कहानी को पर्दे पर दिखाती है।

सलाम वेंकी में मरीज सम्मानजनक मौत के लिए सिस्टम से कानूनी रूप से लड़ाई लड़ता है। वहीं, शेयर की गई न्यूज पेपर कटिंग में लिखा था, कर्नाटक सरकार ने गंभीर रूप से बीमार लोगों को 'सम्मान के साथ मरने का अधिकार' दिया है। बता दें, कर्नाटक इस कानून को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इस कानून के तहत गंभीर रूप से बीमार या लाइलाज रोग से पीड़ित मरीज यह निर्णय ले सकते हैं कि वह अपने इलाज (दवाइयों या वेंटिलेटर) को जारी रखना चाहता है या नहीं। इस बीच वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल 'दो पत्ती' में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में कृति सेनन डबल रोल में नजर आई थीं।




# चेन्नई सुपर चैंप्स की मालिक बनी सामंथा रुथ प्रभु, कहा हारना मुझे पसन्द नहीं

साउथ सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस सामंथा रूथ प्रभु को 2024 में वर्ल्ड पिकलबॉल लीग ने चेन्नई सुपर चैंप्स का मालिक घोषित किया। इस घोषणा के बाद, आज 1 फरवरी को एक्ट्रेस ने अपनी टीम के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही अपने फर्स्ट वेंचर के बारे में खुलासा भी किया है। शनिवार को सामंथा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर चेन्नई सुपर चैंप्स की टीम के साथ तस्वीरें पोस्ट की हैं और इसे एक लंबे नोट के साथ जोड़ा है। इस नोट के जरिए सामंथा रुथ प्रभु ने खुलासा किया है कि उन्होंने हमेशा खेलों से दूरी बनाए रखी, क्योंकि उन्हें हारना पसंद नहीं था। अब उन्होंने कहा है कि खेलों ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया है। कैप्शन में लिखा, खेल की दुनिया में मेरा पहला कदम - पिकलबॉल, सभी चीजों में बहुत परिवर्तनकारी रहा है। मैं जीवन भर झिझक के साथ इसमें रही, क्योंकि मैंने हमेशा खेलों से दूरी बनाई रखी क्योंकि मुझे हारना पसंद नहीं है। लेकिन एथलीट्स की क्वालिटी और स्पोर्ट्समैनशिप की स्पिरिट ने हमेशा मुझे अपनी ओर खींचता रहा है। इसलिए जब चेन्नई सुपर चैंप्स का मालिक बनने का अवसर आया, तो मैंने तुरंत इसमें भाग लिया। मुझे बहुत खुशी है कि मैंने ऐसा किया। आगे लिखा है, एक्साइटमेंट, ग्रोथ, और यह अहसास है कि खेल में सब कुछ सीखने, जीत और हार से परे और सीमाओं से परे जाने के बारे में है. इसने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। हमारी टीम ने अपना सब कुछ दिया, काफी स्पिरिट, खासकर जब हमारे सामने चैलेंजेस थीं और हमारी टॉप प्लेयर हमारे साथ नहीं आ पाया। उनके धैर्य ने मुझे एक नया दृष्टिकोण दिया है। सामंथा ने अपने नोट में आगे लिखा, मैं इस रोलरकोस्टर जर्नी पर राज और हिमांक से बेहतर टीम के साथी की उम्मीद नहीं कर सकती थी। यह तो बस शुरुआत है। मैं सच में हैरान हूं कि लीग को कितनी अच्छी तरह से तैयार किया गया था। यह शानदार था। बता दें, सामंथा हाल ही में चेन्नई सुपर चैंप्स की मालिक बनीं, जो एक पिकलबॉल टीम है, जिसने वर्ल्ड पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) प्रतियोगिता में भाग लिया था।

# करियर में 14 साल पीछे खिसके शाहिद कपूर, 'मौसम' से भी कम रहा 'देवा' का वीकएंड कलेक्शन

**मलयालम** सिनेमा से आए निर्देशक रोशन एंड्रूज ने अपनी 2013 में रिलीज फिल्म 'मुंबई पुलिस' का हिंदी रीमेक 'देवा' के नाम से बनाया है। फिल्म के क्लाइमेक्स को बदला गया है, लेकिन फिल्म का जो असर मलयालम में महसूस हुआ, वैसा असर इसके हिंदी संस्करण में लोग नहीं महसूस कर रहे हैं। छह साल पहले संदीप रेड्डी वंगा का साथ पाकर हिंदी सिनेमा के चोटी के पांच सितारों में दोबारा शामिल हुए अभिनेता शाहिद कपूर की नई फिल्म 'देवा' उनका बहुत कड़ा इम्तिहान बॉक्स ऑफिस पर ले रही है। शाहिद कपूर की कोई फिल्म अगर पहले वीकएंड पर 20 करोड़ रुपये भी न कमा पाए तो फिर फिल्म के औसत कारोबार करने की भी गुंजाइश बहुत कम हो जाती है। ओपनिंग वीकएंड पर शाहिद कपूर की सबसे ज्यादा कारोबार करने वाली 10 फिल्मों में जो फिल्म 10वीं पायदान पर है, वह है 2011 में रिलीज फिल्म 'मौसम'। इसने पहले वीकएंड पर 20.75 करोड़ रुपये कमाए थे और फिल्म फ्लॉप हो गई थी। और, उनकी नई फिल्म 'देवा' ने ओपनिंग वीकएंड पर आखिरी सूचना मिलने तक सिर्फ 7.15 करोड़ रुपये कमाए हैं।



मलयालम सिनेमा से आए निर्देशक रोशन एंड्रूज ने अपनी 2013 में रिलीज फिल्म 'मुंबई पुलिस' का हिंदी रीमेक 'देवा' के नाम से बनाया है।

### कोरियन सिनेमा के पास वैश्विक दर्शक हैं, हमारी फिल्में सिर्फ भारतीय देखते हैं, बोले अनुराग बसु



फिल्म निर्माता अनुराग बसु हाल ही में वैश्विक दर्शकों के मामले कोरियन सिनेमा और भारतीय सिनेमा की तुलना करते नजर आए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल ऑडियंस के मामले में अभी हमें लंबी दूरी तय करनी है। फिल्म निर्माता अनुराग बसु हाल ही में बॉलीवुड फिल्मों के ग्लोबल ऑडियंस की कमी पर बात करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने हिंदी फिल्मों की तुलना कोरियाई फिल्म इंडस्ट्री से की। अनुराग बसु ने कहा कि इस मामले में भारतीय सिनेमा को अभी लंबा रास्ता तय करना है। अनुराग बसु फिलहाल फिल्म आशिकी 3 के प्री-प्रोडक्शन में व्यस्त हैं। उन्होंने वैश्विक सिनेमाई परिदृश्य में बॉलीवुड की वर्तमान स्थिति पर बात की।

**बोले- तरक्की की है, लेकिन अभी और दूर जाना है**

न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में अनुराग बसु ने कहा, ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर ऑल वी इमेजिन एज लाइट और अनुजा जैसी फिल्मों के लिए खूब तारीफ मिलने के बावजूद लगता है कि अभी ग्लोबल स्टेज पर बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। मुझे लगता है कि मुख्यधारा का भारतीय सिनेमा मुख्य रूप से भारतीय प्रवासियों और दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इंडस्ट्री ने तरक्की की है, लेकिन अभी और दूर जाना है।



# अभिनेत्री से राइटर बनीं हुमा कुरैशी

## जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में लॉन्च की पहली किताब जेबा

अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने अपनी अभिनय काबिलियत से खूब तारीफें बटोरी हैं। अब बतौर लेखक भी उन्होंने अपना सफर शुरु किया है। उन्होंने अपनी पहली किताब लॉन्च की है। अभिनय की दुनिया में अपनी प्रतिभा साबित करने के बाद हुमा कुरैशी ने अब लेखन की दुनिया में कदम रखा है। हाल ही में उन्होंने अपनी पहली किताब जेबा- एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो लॉन्च की है। हुमा ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में यह किताब रविवार को लॉन्च की। इस दौरान अभिनेत्री ने बतौर लेखक अपनी यात्रा पर भी बात की।

**कोविड की वजह से ठप हुई योजनाएं**

हुमा कुरैशी ने अपनी किताब लिखने की यात्रा को लेकर कहा कि शुरुआती योजना कहानी को फिल्म में बदलने की थी, लेकिन कोविड-19 महामारी ने उन योजनाओं को रोक दिया। हुमा ने कहा, मैंने 2019 में किताब लिखना शुरू किया था। 10-20 पेज लिखने के बाद मैंने इसे कुछ लोगों को दिखाया और सभी ने कहा कि यह एक अच्छा आइडिया है। ईमानदारी से कहूं तो जब मैंने इसे लिखना शुरू किया था, तो मेरा आइडिया इस पर एक फिल्म या कोई टेलीविजन शो बनाने का था, इसलिए मैंने उसी तरह से यह काम किया। फिर कोविड महामारी आ गई, इसलिए जो भी योजनाएं थीं, वे सब ठप हो गईं।

**बोलीं- मैंने कई लोगों से लिखने को कहा**

हुमा ने आगे कहा, फिर मैंने सोचना शुरू किया कि क्या मुझे इस पर एक स्क्रिप्ट लिखनी चाहिए या इसे एक ग्राफिक उपन्यास में बदलना चाहिए। मैंने इसे खुद लिखने के लिए काफी देरी की। मैंने कई लोगों से लिखने के लिए कहा, लेकिन वे सभी वापस आए और कहा कि आपको इसे लिखना होगा, क्योंकि केवल आप ही इसे लिख सकती हैं। और फिर मुझे लगभग दो साल लग गए और जो कुछ भी मैंने उस समय महसूस किया, मैं उसे किताब में बहुत ईमानदारी से पिरो पाई हूं।

**दो चीजें बहुत महत्वपूर्ण हैं**

हुमा कुरैशी ने राइटिंग को एक दिलचस्प अनुभव बताया। हुमा ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक भावनात्मक प्रक्रिया थी। हुमा ने आगे कहा, मैं यह सलाह देती हूं कि अगर कोई किसी भी तरह की चिंता से जूझ रहा है, उसे लिखना चाहिए।

- साभार एजेंसी

नेशनल गेम्सः

## ओलंपियन तैराक श्रीहरि नटराज ने पांचवां स्वर्ण पदक जीता, सेना तालिका में शीर्ष पर

**हल्द्वानी, एजेंसी।** सेना 33 पदक (17 स्वर्ण, 9 रजत, 7 कांस्य) के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद कर्नाटक 33 पदक (15 स्वर्ण, 9 रजत, 9 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर जबकि महाराष्ट्र (13 स्वर्ण, 23 रजत, 15 कांस्य) और मणिपुर (11 स्वर्ण, 9 रजत, 5 कांस्य) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। पेरिस ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने रविवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैराकी स्पर्धा में अपना पांचवां स्वर्ण जीतकर कर्नाटक के लिए बढ़त बनाई और टीम की साथी और 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु की बराबरी की जिन्होंने पांच पीले पदक जीते हैं जबकि भारोत्तोलक जगदीश विश्वकर्मा ने 'एक पैर पर खड़े' होकर पहला स्थान हासिल किया। सेना 33 पदक (17 स्वर्ण, 9 रजत, 7 कांस्य) के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद कर्नाटक 33 पदक (15 स्वर्ण, 9 रजत, 9 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर जबकि महाराष्ट्र (13 स्वर्ण, 23 रजत, 15 कांस्य) और मणिपुर (11 स्वर्ण, 9 रजत, 5 कांस्य) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। हल्द्वानी में दिल्ली ने दिन में तैराकी पूल में दो स्वर्ण पदक जीतकर कर्नाटक के साथ बराबरी की। नटराज ने पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 56.26 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता और टीम के साथी आकाश (56.36) को पछाड़ा। महाराष्ट्र के ऋषभ ने 56.80 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया।



## 15 साल के शूटर ने पेरिस ओलंपिक के मेडलिस्ट को हराया



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में नेशनल गेम्स में सोमवार को पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल इवेंट का आयोजन हुआ जहां बड़ा उलटफेर देखने को मिला। ओलंपिक मेडलिस्ट सरबजोत सिंह पोडियम पर जगह नहीं बना पाए। वहीं कर्नाटर के 15 साल के जोनाथन एंथनी गाविन ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।

**फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाए सौरभ चौधरी**

10 मीटर एयर पिस्टल के इवेंट में कॉमवेल्थ और एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट सौरभ चौधरी, पेरिस ओलंपिक मेडलिस्ट सरबजोत सिंह जैसे बड़े नाम शामिल थे। हालांकि दोनों में से कोई भी पोडियम पर जगह नहीं बना पाया। सौरभ चौधरी फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाए और 9वें नंबर पर रहे। टोक्यो ओलंपिक के बाद से सौरभ वापसी की कोशिश में लगे हुए हैं लेकिन वह फिर से फॉर्म हासिल नही कर पाए हैं।

**जोनाथन ने रचा इतिहास**

फाइनल में हरियाणा और सर्विसेज के 3-3 खिलाड़ी शामिल थे। जोनाथन गाविन ने यहां 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वह इस इवेंट के सबसे युवा चैंपियन बने। गाविन ने पहले स्टेज में 99.1 का ही स्कोर हासिल किया था। हालांकि इसके बाद दूसरे स्टेज में उन्होंने जबदस्त वापसी की। जोनाथन ने इससे पहले नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीता था। सर्विसेज के रविंदर सिंह 240.3 अंक के साथ सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब रहे। वहीं सर्विसेज के ही गुरप्रीत सिंह ने 220.1 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम करने में कामयाब रहे। पेरिस ओलंपिक में मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु भाकर के साथ सरबजोत सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। नेशनल गेम्स के इस फाइनल में उनसे काफी उम्मीदें थी लेकिन वह पोडियम पर नहीं पहुंच पाए। सरबजोत को चौथे स्थान से ही संतोष करना पड़ा।

मेरी पारी से

# युवराज सिंह काफी खुश होंगे: अभिषेक शर्मा



**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 से अभिषेक शर्मा एक बेहतरीन क्रिकेटर के रूप में उभरे हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी अब कई क्रिकेट पंडितों का ध्यान आकर्षित कर रही है। वह आक्रामक बल्लेबाज़ी तो करते हैं लेकिन उनकी पारी की सबसे ख़ास बात यह रहती है कि वह पारंपरिक क्रिकेट शॉट खेलते हैं, जहां वह रिवर्स स्वीप या स्कूप जैसे शॉट का सहारा नहीं लेते हैं। उनकी इस कला का ज़िक्र भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए पांचवें टी20 के कॉमेंट्री के दौरान सुनील गावस्कर और केविन पीटरसन जैसे खिलाड़ियों ने भी ज़ोर देकर किया।

लेकिन अभिषेक के मेंटॉर युवराज सिंह की हमेशा से ही यह ख़्वाहिश थी कि अभिषेक अपनी पारी को 15-20 ओवर तक लेकर जाएं और ख़राब शॉट के चयन के कारण आउट न हों। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ पांचवें टी20 में अभिषेक ऐसा करने में सफल रहे। 54 गेंदों में 135 रनों ताबड़तोड़ पारी खेलने के बाद अभिषेक ने कहा आज वह (युवराज सिंह) काफ़ी खुश होंगे।

आईपीएल 2024 में जब सनराइज़र्स हैदराबाद की टीम ने 277 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, तब अभिषेक शर्मा ने 23 गेंदों में 63 रनों की पारी खेली थी। वह पीयूष चावला की एक शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने के प्रयास में मिड विकेट पर आउट हो गए थे। इस शॉट पर नाराज़ होते हुए युवराज ने ट्वीट करते हुए, अभिषेक के शॉट पर नाराज़गी जताई थी और लिखा था, लातों के भूत बातों से नहीं मानते।

हालांकि इंग्लैंड के ख़िलाफ़ रिकॉर्डतोड़ शतकीय पारी खेलने के बाद अभिषेक ने कहा, अगर विपक्षी टीम के गेंदबाज़ 150 की गति के आस-पास गेंदबाज़ी कर रहे हैं तो आपको थोड़ा पहले से ही तैयार रहना पड़ता है। अगर आप किसी विश्व स्तरीय गेंदबाज़ को कवर्स के ऊपर से शॉट मारते हैं तो आपका आत्मविश्वास ऐसे ही बढ़ जाता है। हालांकि मैंने आदिल राशिद के ख़िलाफ़ जिस तरह के शॉट्स लगाए, उससे मैं काफ़ी खुश हूं। शायद आज वह (युवराज सिंह) थोड़े ज़्यादा खुश होंगे। वह हमेशा से चाहते हैं कि मैं 15-20 ओवरों तक बल्लेबाज़ी करूं और आज मैं ऐसा करने में सफल रहा।

अभिषेक ने पावरप्ले के दौरान काफ़ी बेहतरीन बल्लेबाज़ी की। उस दौरान उन्होंने 21 गेंदों में 58 रन बनाए। इसके अलावा इस मैच में वह दूसरे सबसे तेज़ शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज़ भी बने और अब उनके नाम किसी एक टी20 मैच में सबसे अधिक (किसी भारतीय खिलाड़ी के द्वारा) सिक्सर मारने का रिकॉर्ड दर्ज हो चुका है। उनकी इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच का भी ख़िताब दिया गया। उस दौरान उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है।

अगर मुझे कभी ऐसा लगता है कि आज का दिन मेरा दिन होने वाला है तो मैं पहली ही गेंद से अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करता हूं। हमारे कोच(गौतम गंभीर) और कप्तान (सूर्यकुमार यादव) ने मेरे साथ पहले दिन से ही जिस का तरह का व्यवहार किया है, वह शानदार रहा है। वह हमेशा से चाहते हैं कि मैं इसी तरह का खेल खेलूं। उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया है। अभिषेक ने इससे पहले भी इसी सीरीज़ के दौरान कोलकाता में गंभीर और सूर्यकुमार यादव के बारे में यही बात कही थी। जब मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स पर गंभीर से अभिषेक की पारी में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरे लिए यह सबसे बेहतरीन टी20 पारियों में से एक है। उन्होंने अपनी पारी में कुछ अदभुत शॉट्स लगाए। उनके बैट स्विंग को देखिए, यह विश्वसनीय था। उनमें इसी तरह की प्रतिभा है। हम इसी तरह के खिलाड़ियों का पूरी तरह से समर्थन करना चाहते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि वह ख़राब फ़ॉर्म से गुज़रे, लेकिन हमें उन्हें इसी तरह से समर्थन करना चाहते हैं। मैंने इससे बेहतर टी20 पारी नहीं देखी है।

जब इस बातचीत के दौरान अभिषेक के शॉट सिलेक्शन पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, जोफ़्रा आर्चर और मार्क वुड लगातार 150 की गति के आस-पास गेंदबाज़ी कर रहे थे और अभिषेक पूरे साहस के साथ पहली ही गेंद से अपने शॉट्स खेल रहे थे और यह देखना अदभुत था। हमारे ड्रेसिंग रूम में हम बस यही चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी साहसी रहें और व्यक्तिगत आकड़ों के बारे में सोचे बिना अपनी पारी को आगे बढ़ाएं और आज हमें यही देखने को मिला।

रेसलिंगः

# भारतीय पहलवान शिवराज रक्षे ने खोया अपना आपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल के मैदान पर कभी-कभी ऐसी घटना घटती है जो निराश करने वाली होती हैं और इससे कई सवाल खड़े भी होते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ अहिल्यानगरी में, जहां आयोजित 67वें महाराष्ट्र केसरी कुश्ती टूर्नामेंट में के दौरान रेसलर ने मैच रेफरी पर ही हमला बोल दिया।

इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में नांदेड़ के पहलवान शिवराज रक्षे ने फैसला (रिजल्ट) अपने खिलाफ आने पर रेफरी पर हमला कर दिया।



**शिवराज रक्षे ने रेफरी पर कर दिया हमलाः** पहलवान के द्वारा मैच रेफरी पर हमले के दौरान जमकर हाथापाई हुई और इसके बाद माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया और टूर्नामेंट के माहौल को शांत बनाने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस ने वहां पहुंचकर मामले को शांत करवाया। ये घटना रक्षे और पृथ्वीराज मोहोल के बीच हुए मुकाबले के दौरान हुई जिसमें फैसला मोहोल के पक्ष में गया। पृथ्वीराज मोहोल के पक्ष में रिजल्ट जाते ही दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद शिवराज रक्षे ने मीडिया के सामने ही रेफरी का कॉलर पकड़कर उन्हें लात मारी और इस फैसले में बेईमानी करने का आरोप भी लगा दिया।

**शिवराज ने बेईमानी करने का आरोप लगायाः** इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब फाइनल बाउट के बाद पृथ्वीराज मोहोल को विजेता घोषित किया गया। रक्षे ने रेफरी के सामने दावा किया कि उन्होंने जो फैसला दिया है वो सही नहीं है और उन्होंने अधिकारियों पर भी बेईमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने मीडिया के सामने जूरी से इस फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया। इस घटना के बाद शिवराज रक्षे ने कहा कि मुझे गलत तरीके से बाहर रखा गया। फैसले में साफ तौर पर पक्षपात किया गया था।

मैंने उपमुख्यमंत्री अजीत पवाल से शिकायत की है। मैंने मांग की है कि मुझे रिव्यू दिकाया जाए और अगर फैसला सही है तो मैं खेल छोड़ दूंगा।

## डब्ल्यूपीएलः यूपी वॉरियर्स ने हीली की जगह चिनेले को चुना, हीथर और गार्थ RCB में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपी वारियर्स ने 14 फरवरी से बड़ोदरा में शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चोटिल एलिसा हीली के स्थान पर वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी को अपनी टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान हीली पैर की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के तीसरे सत्र में नहीं खेल पाएंगी। हेनरी ने वेस्टइंडीज की तरफ से अभी तक 62 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसे उन्होंने 473 रन बनाने के अलावा 22 विकेट भी लिए हैं। वॉरियर्स ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइज पर उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है। इस बीच गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोफी डिवाइन और केट क्रॉस की जगह हीथर ग्राहम और किम गार्थ को अपनी टीम में लिया है। डिवाइन और क्रॉस ने व्यक्तिगत कारणों से इस साल डब्ल्यूपीएल से हटने का फैसला किया है।

# एक ही दिन में दो देशों में किया कमाल

**सुबह ठोका शतक, शाम को 3307 किमी. दूर जाकर टीम को जिताया**



**कोलंबो, एजेंसी।** दसुन शनाका को भले ही श्रीलंका की टीम से बाहर कर दिया गया है लेकिन ये खिलाड़ी एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है. शनाका इसलिए सुर्खियों में हैं क्योंकि इस खिलाड़ी ने एक ही दिन में दो देशों में कमाल कर दिखाया है. शनाका ने कुछ ऐसा किया है जिसके बारे में कोई खिलाड़ी सोच भी नहीं सकता. दरअसल श्रीलंका के इस पूर्व कप्तान ने सुबह श्रीलंका में मेजर लीग टूर्नामेंट में मैच खेला और वहां शानदार सेंचुरी लगाई और मैच खत्म होने के बाद वो 3307 किमी. दूर दुबई पहुंच गए और वहां उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलाई.

शनाका श्रीलंका में मेजर लीग टूर्नामेंट में खेल रहे थे जो कि श्रीलंका का फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट है. सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब के लिए खेलते हुए इस खिलाड़ी ने 2 फरवरी को शानदार सेंचुरी लगाई. ये खिलाड़ी 7वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरा, जहां उन्होंने 87 गेंदों में 123 रनों की विस्फोटक पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 8 छक्के और 10 चौके लगाए. उनका स्ट्राइक रेट 140 से ज्यादा का रहा. इसके बाद कोलंबो एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से फ्लाइट लेकर दुबई पहुंच गए, जहां वो इंटरनेशनल लीग टी20 में दुबई कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं.

**शनाका ने दुबई में भी दिखाया दम**

शनाका दुबई एयरपोर्ट से सीधे दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे और उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 217 रन बनाए. शनाका पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और इस खिलाड़ी ने 12 गेंदों में 34 रनों की पारी खेली, जिसमें 2 छक्के और 4 चौके शामिल रहे. शनाका की दमदार पारी की वजह से दुबई कैपिटल्स ने अबु धाबी नाइट राइडर्स को 26 रनों से हरा दिया. वैसे शनाका के अलावा डेविड वॉर्नर ने भी 57 गेंदों में नाबाद 93 रनों की पारी खेली.

**शनाका इंसान हैं या मशीन?**

शनाका की हैरान करने वाली बात आपको बता दें कि इस खिलाड़ी ने पिछले पांच दिन में 2 देशों में 3 मैच खेले हैं. इस दौरान उन्होंने शतक लगाए हैं. विकेट लिए हैं. शनाका ने 6614 किमी. का सफर भी तय किया है. एक आम इंसान फ्लाइट में सफर कर ही थक जाता है लेकिन शनाका फ्लाइट्स में सफर तो कर ही रहे हैं साथ में क्रिकेट खेलकर अपनी टीम को मैच भी जिता रहे हैं. ऐसा लगता है शनाका कोई इंसान नहीं मशीन हैं.

## प्रज्ञानंद ने विश्व विजेता गुकेश को टाइब्रेकर में हराया, जीता शतरंज का बड़ा खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शतरंज की चौसर पर दो भारतीय दिग्गजों के बीच दिलचस्प मुकाबला हुआ। भारतीय विश्व चैंपियन गुकेश को हराकर प्रज्ञानंदा विजेता बने हैं। उन्होंने टाइब्रेकर में मुकाबला जीतकर टाटा स्टील मास्टर्स की ट्रॉफी अपने नाम की है। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां विश्व चैंपियन डी गुकेश को टाइब्रेकर में 2-1 से हराकर टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। इससे पूर्व दोनों भारतीय खिलाड़ी अंतिम दिन अपनी बाजियां हार गए थे लेकिन दोनों के बीच खिताब के लिए टाइब्रेकर मुकाबला हुआ। दोनों के एकसमान साढ़े आठ अंक थे। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को पी हरिकृष्णा ने ड्रॉ पर रोककर उन्हें पूरे अंक हासिल करने से रोक लिया था। एजेंसी





**05 बार आनंद ने यह खिताब जीता था**

गुकेश को अंतिम दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जो विश्व चैंपियन बनने के बाद उनकी पहली हार थी जबकि प्रज्ञानंद को विन्सेंट कीमेर के खिलाफ हार मिली थी। अंतिम राउंड में दोनों खिलाड़ियों की हार से 2013 के कैंडिडेट टूर्नामेंट की याद ताजा हो गई जिसमें नॉर्वे के कार्लसन और रूस के व्लादिमीर क्रैमनिक बढ़त पर थे और हार गए थे।

## एसए 20: एमआई केप टाउन ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को हराकर मजबूत की अपनी स्थिति



**केप टाउन, एजेंसी।** एमआई केप टाउन ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को बड़े अंतर से हराकर एसए20 सीजन 3 में टेबल-टॉपर्स के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। इस शानदार जीत के साथ उन्होंने न्यूलैंड्स में एक बेहतरीन रिकॉर्ड भी बनाया। रॉबिन पीटरसन की टीम पार्ल रॉयल्स के नक्शेकदम पर चलते हुए दूसरी ऐसी टीम बन गई है, जिसने पांच जीत के साथ अपने घरेलू मैदान पर अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है। एमआई केप टाउन ने 35 अंकों के साथ लीग चरण समाप्त किया, जो कि एक रिकॉर्ड अंक है। यह 95 रन से कैपिटल्स पर उनकी बड़ी जीत के कारण संभव हुआ। घरेलू टीम ने अपने लाइन-अप में छह बदलाव करने के बावजूद शुरुआत से ही मैच पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। सेदिकुल्लाह अटल और कॉनर एस्टरहुइजन की नई सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 133 रनों की शानदार साझेदारी की। बाएं हाथ के सेदिकुल्लाह ने 46 गेंदों में 77 रन बनाकर न्यूलैंड्स की भीड़ का भरपूर मनोरंजन किया, जबकि एस्टरहुइजन ने 43 गेंदों में 69 रन बनाए। डेलानो पोटगिएटर ने 15 गेंदों में 26 रन बनाकर अतिरिक्त रन जोड़ते हुए एमआई को 201/5 के स्कोर पर पहुंचा दिया, जो इस सीजन में न्यूलैंड्स का सबसे बड़ा स्कोर है। एमआई केप टाउन की गेंदबाजी ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। खासकर ऑफ स्पिनर डेन पीड्ट ने। उन्होंने कैपिटल के सलामी बल्लेबाज विल जैक को पहली ही गेंद पर विकेट के पीछे कैच करा दिया। अपने शहर की टीम के लिए बेटवे एसए20 में पदार्पण कर रहे पीड्ट ने खुशी में रेलवे स्टैंड की ओर दौड़ते हुए जश्न मनाया। अनुभवी ऑफ स्पिनर शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने 3/28 के शानदार आंकड़े के साथ दो और विकेट लिए, जिसके कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। पीड्ट ने कहा, यह अद्भुत रहा है। मैं यहीं बड़ा हुआ हूं, अपनी पत्नी, बेटे और माता-पिता के सामने खेला। मैं लोगों को प्रेरित रखने की कोशिश करता हूं, अच्छी ऊर्जा पैदा करने और उन्हें खुद को अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करता हूं। मैं इसे दूर से देख रहा हूं, लेकिन यह सच में अद्भुत था। हम यही चाह रहे थे।

एमआई केप टाउन के स्पिनर शानदार फॉर्म में थे। लेग स्पिनर थॉमस काबर ने 3/21 का प्रभावशाली आंकड़ा हासिल किया, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने 2/11 का शानदार स्कोर प्राप्त किया। दोनों ने मिलकर कैपिटल्स के बल्लेबाजों को दबाव में रखा और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

सामूहिक रूप से, स्पिन तिकड़ी ने 8/60 का शानदार आंकड़ा हासिल करते हुए कैपिटल्स को 14 ओवरों में सिर्फ 106 रन पर सिमटने पर मजबूर कर दिया। स्टैंड-इन कप्तान कॉलिन इनग्राम ने कहा, हमें अच्छा समर्थन मिला है। भीड़ शानदार रही है।

